* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 311

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी




2019 का वादा था
झारखंडी युवाओं को
₹5000-7000
तक का
बेरोजगारी भत्ता देने का
2024 तक आप में से
किसी को
मिला क्या?
भारतीय जनता पार्टी, झारखण्ड प्रदेश


# भाजपा में शामिल हुए चंपाई सोरेन

## ■ बाबूलाल मरांडी ने माला पहना सदस्यता दिलायी

## ■ शिवराज और हिमंता ने गर्मजोशी से किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री 'कोल्हान टाइगर' चंपाई सोरेन औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गये। प्रदेश भाजपा की तरफ से धुर्वा गोलचक्कर के शाखा मैदान में शुक्रवार को आयोजित अभिनंदन सह मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पहले गर्मजोशी से चंपाई सोरेन का स्वागत किया, फिर उन्हें सदस्य बनने का पत्र सौंपा। इस असवर पर झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह-प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा मंच पर मौजूद थे और उन दोनों ने गर्मजोशी से चंपाई सोरेन का स्वागत किया। उनके गले में भाजपा के चिह्नवाला पटका पहनाया। इसके साथ ही चंपाई सोरेन ने पुत्र बाबूलाल सोरेन और अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित भाजपा के कई सांसद और विधायक मंच पर उपस्थित थे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते समय अपने स्वागत से अभिभूत चंपाई सोरेन कुछ समय के लिए भावुक भी हो गये। चंपाई सोरेन को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का सबसे निकट सहयोगी माना जाता था। उन्होंने बुधवार को झामुमो की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी थी।



## हेमंत सरकार में दलालों और बिचौलियों की पूछ है: बाबूलाल

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार में दलालों और बिचौलियों की पूछ है। झामुमो में वरिष्ठ नेताओं को अपमानित किया जा रहा है। यही वजह है कि वे झामुमो छोड़ कर भाजपा में आ रहे हैं। चंपाई सोरेन और सीता सोरेन का भाजपा में आना अच्छी पहल है। मरांडी ने कहा कि आनेवाले दो-ढाई महीनों के बाद झारखंड में भाजपा नेतृत्व में सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड को कोई बचा सकता है, तो वह भाजपा ही है। भाजपा ने ही झारखंड अलग राज्य का निर्माण किया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में झारखंड अलग राज्य बना। भाजपा जो कहती है, वह करती है। श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने मिल कर राज्य को लूटा है।

## झामुमो अब पति-पत्नी की पार्टी रह गयी है : शिवराज

केंद्रीय मंत्री सह प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झामुमो अब पति-पत्नी की पार्टी बन कर रह गयी है। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन एक आंधी हैं। वह लोगों के दिलों के राजा हैं। कोरोना काल में में भी उन्होंने ट्विटर के जरिये लोगों की सेवा की। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि टाइगर अभी जिंदा है। चंपाई सोरेन ने झारखंड निर्माण को लेकर बड़ी लड़ाई लड़ी थी और उनका ही प्रयास था कि श्रद्धेय अटल जी ने झारखंड का निर्माण किया था। उनका भाजपा में स्वागत है। चंपाई सोरेन ने बागवान की तरह झामुमो को सींचा, लेकिन उनके साथ सौतेला व्यवहार किया गया।

## छह महीने से हो रही थी चंपाई की जासूसी: हिमंता

कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पिछले छह महीने से चंपाई सोरेन की जासूसी करायी जा रही थी। उन्होंने कहा, मैं भी एक राज्य का मुख्यमंत्री हूं और हमारे देश का कोई भी मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों की जासूसी नहीं करता, लेकिन हेमंत सोरेन ने ऐसा किया। दिल्ली पुलिस ने चंपाई सोरेन की जासूसी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया, लेकिन हेमंत सोरेन ने कहा कि वे सुरक्षा देने के लिए भेजे गये थे। अगर ऐसा था, तो उनके पास हथियार क्यों नहीं थे। मैं हेमंत सोरेन को चेतावनी देता हूं कि हम दो महीने बाद इसका करारा जवाब देंगे।

## मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी जासूसी करायी जायेगी: चंपाई सोरेन

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद चंपाई सोरेन ने मंच पर मौजूद नेताओं का संताली में अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि जिस संगठन को उन्होंने खून-पसीने से सींचा, वहां उन्हें अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने राजनीति से संन्यास लेना तय किया था, लेकिन जनता की दुख-तकलीफ और उनका विश्वास देख कर अलग पार्टी बनाने की सोची। फिर काफी मंथन के बाद राजनीति में रहने का फैसला किया। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे लोग ही मेरी जासूसी करायेंगे। उन्होंने कहा कि पत्र के जरिये मैं अपनी पीड़ा व्यक्त कर चुका हूं। मैं सोच चुका था कि मैं उस संगठन में नहीं रहूंगा, जिसमें मेरा मान न हो और जहां संगठन नाम की कोई चीज नहीं रह गयी हो। मैं साफ दिल का आदमी हूं। जिस आदमी ने झारखंड आंदोलन में संघर्ष किया है, जब उसकी जासूसी होने लगी, तो मैंने तय कर लिया कि अब मैं संन्यास की जगह सक्रिय राजनीति में रह कर जनता की सेवा करूंगा। चंपाई सोरेन ने कहा कि अगर संताल परगना को बचाना है, आदिवासियों को बचाना है, तो एक ही पार्टी यह काम कर सकती है। संताल को बचाने के लिए उन्होंने भाजपा में आने का फैसला किया। वह किसी भी कीमत पर झारखंड में आदिवासियों पर अत्याचार नहीं होने देंगे। घुसपैठियों को निकालने, आदिवासियों और उनकी जमीन को बचाने के लिए अपने पूर्वजों की तरह संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि दूसरी कोई भी राजनीतिक पार्टी आदिवासियों का सम्मान और विकास नहीं कर सकती है। भाजपा में शामिल होकर आदिवासियों के स्वाभिमान और सम्मान को बचाने का काम करेंगे। चंपाई ने कांग्रेस पर आदिवासियों की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। चंपाई ने अपने भाषण में पूरा हमला कांग्रेस पर किया। उन्होंने आदिवासियों को उजाड़ने, आदिवासियों पर गोली चलवाने का सारा दोष कांग्रेस पर मढ़ा।

# रामदास सोरेन ने मंत्री पद की शपथ ली



## राज्यपाल ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने शुक्रवार को राजभवन में झारखंड के 12वें मंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। रामदास सोरेन को चंपाई सोरेन की जगह झारखंड सरकार का मंत्री नियुक्त किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, रामेश्वर उरांव के अलावा सत्ता पक्ष के कई नेता मौजूद रहे। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद रामदास सोरेन ने झारखंड निर्माता दिशोम गुरु से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ हेमंत सोरेन, मंत्री और विधायक मौजूद रहे।

**घाटशिला से दो बार**

## जल संसाधन और उच्च तथा तकनीकी शिक्षा विभाग देखेंगे रामदास

रामदास सोरेन को जल संसाधन तथा उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग का मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा मंत्री हफीजुल हसन और मिथिलेश ठाकुर के विभागों में भी फेरबदल किया गया है। बदलाव के बाद मिथिलेश ठाकुर के जिम्मे पेयजल और स्वच्छता विभाग के अलावा पर्यटन-कला संस्कृति तथा युवा कार्य विभाग भी रहेगा, जबकि हफीजुल हसन अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अलावा निबंधन विभाग और नगर विकास तथा आवास विभाग की जिम्मेवारी भी संभालेंगे।

**विधायक रह चुके हैं रामदास :** रामदास सोरेन घाटशिला से दूसरी बार विधायक बने हैं। वह 2009 में पहली बार विधायक बने थे। वह झामुमो की पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई के अध्यक्ष भी हैं। उन्हें कोल्हान क्षेत्र के प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता है।


VINAYAK GREEN CITY
Ormanjhi, Ranchi
(Project Of Shree Siddhi Vinayak Construction)
श्री Siddhi Vinayak construction
Total Area: - 40 Acre.
Plot Size : - 1000 Sqft = 25x40 (2.29 Dismal)
Plot Rate : - 10 Lakh Till 31th Aug. 2024
Corner Charge: 15% Extra
12 Lakh Effect from 01 Sep. 2024
Amenities
- Outer Boundary Cover under 40 Acre of Project.
- 3 main Road entrance (30 feet road with gate and Security Room) from NH33 Bokaro - Dhanbad Highway.
- 2 Main Road entrance from Ranchi - Hazaribag Highway.
- Playground for society.
- Community hall for Society.
- Park for Society.
- Electricity.
- Drainage.
Hurry Up For BOOKING
Only General Plot Available
Contact +91 93042 80115


# सरकार ने साढ़े चार वर्षों में राज्यहित के कई अहम निर्णय लिये : सीएम



## राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों ने हेमंत सोरेन से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात की और उनका आभार जताया। पोषण सखी दीदियों ने 29 अगस्त को कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आंगनबाड़ी सेविका-सह-पोषण परामर्शी (पोषण सखी) की पुनर्बहाली की स्वीकृति दिये जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि राज्य सरकार के इस निर्णय से हम सभी पोषण सखी काफी हर्षित और उत्साहित हैं। पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार समस्त राज्य वासियों को उनका हक-अधिकार देने का काम निरंतर कर रही है। राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिया गया हर निर्णय सराहनीय है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पोषण सखी दीदियों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उनकी सरकार ने राज्यहित में कई अहम निर्णय लिये हैं। राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण नीतियों का निर्धारण भी किया गया है, जिसका लाभ राज्यवासियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक-अधिकार उपलब्ध कराने के साथ-साथ राज्य की नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार समर्पित रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंडवासियों की उम्मीदों, आकांक्षाओं और विश्वास के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आनेवाले दिनों में भी जनहित का कार्य निरंतर करती रहेगी।

इस मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपक बिरुआ, विधायक सुखराम उरांव, विधायक दशरथ गागराई, विधायक समीर मोहंती, विधायक संजीव सरदार, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक निरल पूर्ति, विधायक कल्पना सोरेन के अलावा विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियां उपस्थित रहीं।


FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COURSES OFFERED
FLORENCE COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
FLORENCE COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
FLORENCE COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
OUR FACILITIES
- PLACEMENT ASSISTANCE
- SCHOLARSHIP
- SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
- MESS
- TRANSPORT
- FEE INSTALLMENT FACILITY
- SMART CLASSROOM
- ADVANCE LAB & LIBRARY
9031231082, 6205145470, 9334645053
IRBA RANCHI - 835219 (JH) www.florenceinstirba.com fsnirba@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,400 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो



# चंपाई सोरेन के आते ही भाजपा की मंशा स्पष्ट

## ■ नजर झारखंड मुक्ति मोर्चा पर और निशाने पर कांग्रेस पार्टी

## ■ भाजपा में शामिल होते ही चंपाई ने लगाया 'जयश्री राम' का नारा



राकेश सिंह



जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, झारखंड का चुनावी रण दिलचस्प मोड़ ले रहा है। दल बदलने के दौर की शुरुआत भी हो चुकी है। फिलहाल झारखंड का चुनावी माहौल, सोरेन वन एंड सोरेन टू के इर्द-गिर्द ही घुमड़ रहा है। सोरेन इन, सोरेन आउट का भी खेल बखूबी चल रहा है। लोकसभा चुनाव के दरम्यान भी सोरेन फैक्टर ही हावी रहा। एक सोरेन के जेल जाने के बाद, दूसरे सोरेन मुख्यमंत्री बन गये। फिर लोकसभा चुनाव के दौरान सोरेन परिवार की देवरानी एंड जेठानी भी लाइमलाइट में रहीं। चुनाव में देवरानी ने बाजी मार ली। जब सोरेन वन जेल से बाहर आये, तो सोरेन 2 सीएम पद से हटा दिये गये और सोरेन 1 ने फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। लेकिन जैसे ही सोरेन 1 ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली, सोरेन 2 नाराज हो गये। कुछ दिन बाद उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके साथ अन्याय हुआ है। इस अन्याय के खिलाफ उन्होंने बड़ा लंबा पत्र भी लिख डाला। सोरेन 2 कभी दिल्ली, कभी कोलकाता, कभी रांची करते रहे। मीडिया भी उनके पीछे-पीछे भागती रही। तरह-तरह के कयास लगाये जाने लगे। पहले हल्ला हुआ कि सोरेन 2 अपनी पार्टी बनायेंगे। लेकिन अचानक एक तस्वीर ने सोरेन 2 का सस्पेंस खत्म कर दिया। सोरेन 2 भाजपा के सबसे सेकंड पावरफुल मैन के साथ बैठे नजर आये। उसके बाद जैसे ही सोरेन 2 ने मंत्री पद और पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया, तभी सोरेन वन ने सोरेन 3 की एंट्री सरकार में मंत्री पद देकर करा दी। सोरेन 3 के एंट्री होते ही सोरेन 2 से उनकी तुलना की की जाने लगी है। खैर सोरेन 2 और सोरेन 3 कोल्हान के रण में आमने-सामने अपना जौहर दिखाते नजर आयेंगे। पता भी चल जायेगा, कौन किस पर कितना भारी है। लेकिन सोरेन 1 भी अपनी चाल लगातार एक स्टेप आगे चलने की सोच रहे हैं। वैसे सोरेन 2 यानी चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को धूम-धड़ाके, गाजे-बाजे, लाव लश्कर के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने भाजपा का पट्टा पहन लिया है। बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पट्टा पहना कर और सदस्यता पत्र देकर पार्टी में शामिल करवाया। मंच पर भाजपा के तमाम बड़े नेता उपस्थित थे। चंपाई सोरेन भाजपा की सदस्यता लेते ही भावुक हो गये। उनकी पीड़ा भी छलक पड़ी। उन्होंने कहा कि एक आंदोलनकारी, जिसने झारखंड के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया, उसकी जासूसी करवायी गयी। उनका निशाना राज्य सरकार पर था। चंपाई सोरेन के साथ उनके हजारों समर्थक भी उनके साथ पहुंचे थे। सैकड़ों गाड़ियों का काफिला उनके साथ था। जब वह मंच के करीब आ रहे थे, रांची के धुर्वा गोल चक्कर मैदान का पूरा माहौल ही बदल गया। चंपाई सोरेन जिंदाबाद के नारों से उनके समर्थकों में जोश भर गया। यह नजारा देख मंच पर बैठे हिमंता बिस्वा सरमा मुस्कुरा रहे थे। मन-मन खुद की पीठ थपथपा रहे होंगे।

जब चंपाई सोरेन मंच पर पहुंचे, सभी भाजपा के नेताओं ने पूरी गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। चंपाई के साथ उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन भी थे। उन्होंने भी कोने में जाकर बड़े नेताओं की तरह जनता की ओर हाथ हिलाया। बाबूलाल मरांडी ने चंपाई सोरेन को गले लगाया। उनका दिल खोल कर स्वागत किया। हाथ मिलाया। चंपाई सोरेन भी यह नजारा देख अभिभूत हुए। चंपाई सोरेन की आंखों में एक अलग सी सच्चाई और निश्छलता दिखी। लेकिन एक तड़प भी दिखी, जिसका बखान वह करना चाहते थे। चंपाई ने जैसे ही मंच संभाला, अपनी मंशा स्पष्ट कर दी। चंपाई ने कहा कि जिस आंदोलनकारी ने झारखंड के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया, उसकी सरकार द्वारा जासूसी करायी जाती है। छीःछीःछीः। उन्होंने बिना नाम लिये सोरेन वन पर अटैक कर दिया। इसी के साथ उन्होंने अपने मन से सोरेन वन का चैप्टर भी यहीं क्लोज भी कर दिया। उन्होंने एक रणनीति के तहत अपना निशाना कांग्रेस की ओर मोड़ दिया। चंपाई सोरेन ने जिस तरीके से कांग्रेस पर अटैक किया, उससे भाजपा की रणनीति स्पष्ट हो गयी। चंपाई सोरेन ने कहा कि उनके पास दो पार्टियों के विकल्प थे। एक भाजपा दूसरा कांग्रेस। लेकिन मैंने भाजपा को चुना, क्योंकि झारखंड के आदिवासियों को सबसे ज्यादा जिस पार्टी ने उजाड़ा है, नुक्सान पहुंचाया है, गोलियां चलवायी है, वह कांग्रेस ही है। कांग्रेस ने झारखंड आंदोलनकारियों पर सबसे ज्यादा गोलियां चलवायी हैं। कोल्हान में गुआ गोलीकांड हुआ था, वह कांग्रेस ने करवाया था। सभा में चंपाई सोरेन के संबोधन की एक विशेषता दिखी, जहां उन्होंने जोहार से संबोधन शुरू किया, वहीं जय श्रीराम के नारे के साथ अपने वक्तव्य को शेष किया। जिस हिसाब से चंपाई ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया, यह बात साफ हो गयी कि भाजपा भले जेएमएम को घेर रही है, लेकिन उसका असली निशाना और सोरेन सरकार की सबसे कमजोर कड़ी कांग्रेस ही है। चंपाई सोरेन ने एक बार भी मंच से हेमंत सोरेन का नाम नहीं लिया। उन्होंने बस यही कहा कि उन्हें पार्टी में बहुत अपमानित किया गया। यानी चंपाई सोरेन चुनाव में डायरेक्ट सोरेन परिवार और जेएमएम पर अटैक नहीं करेंगे, क्योंकि वह नहीं चाहेंगे कि जेएमएम के कार्यकर्ता उनसे नाराज हों। ठीक है प्रतिस्पर्धा एक अलग चीज होती है, लेकिन डायरेक्ट अटैक एक अलग चीज होती है। चंपाई इन बातों का ध्यान रख रहे हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उसके बाद दो अन्य विधायक बंधु तिर्की और प्रदीप यादव भी कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस की संख्या 18 हो गयी। भाजपा का पूरा फोकस यह होगा कि कैसे कांग्रेस को ज्यादा से ज्यादा क्षति पहुंचायी जाये। चंपाई सोरेन ने कांग्रेस पर निशाना साध यूं ही हवा में तीर नहीं चलाया है। इस बयान के मायने यही हैं कि आदिवासी भले जेएमएम से छिटकें न छिटके, कांग्रेस से जरूर दूरी बना लें। चंपाई सोरेन ने जिस तरह से बांग्लादेशी घुसपैठियों के बारे में आदिवासियों को चेताया और बताया कि भाजपा ही संथाल में आदिवासियों को घुसपैठियों से बचा सकती है, उसका निष्कर्ष यही है कि संथाल में भी चंपाई गरजेंगे। चंपाई सोरेन का यह कहना कि आज बाबा तिलका मांझी और सिदो-कान्हू की पावन भूमि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है कि जिन वीरों ने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में कभी विदेशी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की, आज उनके वंशजों की जमीनों पर ये घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं। इनकी वजह से फूलो-झानो जैसी वीरांगनाओं को अपना आदर्श मानने वाली हमारी माताओं, बहनों और बेटियों की अस्मत खतरे में है। आदिवासियों और मूलवासियों को आर्थिक और सामाजिक तौर पर तेजी से नुकसान पहुंचा रहे इन घुसपैठियों को अगर रोका नहीं गया, तो संथाल परगना में हमारे समाज का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। पाकुड़, राजमहल समेत कई अन्य क्षेत्रों में उनकी संख्या आदिवासियों से ज्यादा हो गयी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर झारखंड खासकर संथाल में आदिवासियों के अस्तित्व को बचाना है तो वह भाजपा ही बचा सकती है। इसलिए उन्होंने भाजपा में जाने का फैसला किया। चंपाई संथाल आदिवासी हैं। चंपाई सोरेन का संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर बोलना बड़ा मैसेज देगा। इसका पूरा फायदा भाजपा लेना चाहेगी। भाजपा कोल्हान से ज्यादा से ज्यादा सीट निकालना चाहेगी। संथाल में भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। उस पर भी भाजपा का फोकस है। भाजपा जानती है कि संथाल में हेमंत सोरेन को सीधी चुनौती नहीं दी सकती है। लेकिन जितना भी हो ,वह संथाल की सीटों में सेंध लगाने की पूरी कोशिश करेगी। जो आ जाये उसे भाजपा अच्छा ही मानेगी। वैसे बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा अब वहां पर आकार लेने लगा है। वहां के आदिवासी संगठन इस बारे में बात करने लगे हैं। हाल के दिनों में चाहे वह गायबथान का मामला हो, जहां महेशपुर के गायबथान में गांव के दंदु हेंब्रम की जमीन पर सफरुद्दीन अंसारी और कलीमुद्दीन अंसारी सहित अन्य लोग मालिकाना हक का दावा कर रहे थे। जब जमीन मालिक दंदु और परमेश्वर हेंब्रम ने इसका विरोध किया, तो दूसरे पक्ष के दर्जनों लोग जुट गये और उन पर हमला कर दिया। इस दौरान चार लोगों को गंभीर चोटें आयी थीं। चाहे वह केकेएम कॉलेज का मामला हो, जहां आदिवासी छात्रों को पुलिस द्वारा पीटा गया था। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि बांग्लादेशी मुसलमानों की अवैध घुसपैठ के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले युवा छात्रों की देर रात, हेमंत सरकार की पुलिस ने छात्रावास में घुस कर, बर्बरतापूर्वक पिटाई की है। कहने का मतलब यह है कि संथाल में अब आवाजें उठने लगी हैं। लोग इसे लेकर अब चर्चा करने लगे हैं। अगर भाजपा अपनी इस मुहिम को और धार देगी तो संथाल में भाजपा मजबूत होगी, इसमें कोई दो राय नहीं है। अब बात कोल्हान की। चंपाई सोरेन को भाजपा का एक मकसद कोल्हान में संथाली और आदिवासी मतदाताओं के बीच अपनी पैठ मजबूत करनी भी है। चंपाई सोरेन कोल्हान में काफी लोकप्रिय हैं। ग्रामीण इलाकों के आदिवासियों के बीच उनकी पैठ है, यह उनकी सभाओं में आयी भीड़ से भी स्पष्ट हुआ। काफी संख्या में आदिवासी और संथाली महिलाएं सभा में आयी थीं। इस बात का अंदाजा संभवतः सोरेन वन को भी है। इसीलिए उन्होंने चंपाई के भाजपाई बनने के पहले कभी चंपाई सोरेन के काफी करीब रहे संथाली नेता सोरेन थ्री यानी रामदास सोरेन को मंत्री पद से नवाज दिया। इसका साफ संदेश यही है कि रामदास सोरेन चंपाई सोरेन के झामुमो छोड़ने का जो नुकसान हो, रामदास सोरेन के सहारे उसे कंट्रोल किया जायेगा। चंपाई के भाजपा में शामिल होने, उनकी जगह रामदास सोरेन को मंत्री बनाने के बाद अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि कोल्हान का रण काफी बड़ा होगा। यहां बहुत कुछ देखने को मिलेगा। चंपाई की कोशिश जहां अपनी अहमियत प्रदर्शित करने की होगी, वहीं रामदास सोरेन को सोरेन वन के उस विश्वास पर खरा उतरना होगा, जिसके कारण उन्होंने अपनी कैबिनेट में जगह दी है। कोल्हान से विधायक तो बहुत थे, जिन्हें सोरेन वन मंत्री पद से नवाज सकते थे, लेकिन रामदास सोरेन को मंत्रिपद देने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि सोरेन टू के प्रभाव को सोरेन थ्री के सहारे कम किया जाये।

## भाजपा के हुए चंपाई सोरेन : 100 गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे मिलन समारोह स्थल

# भगवामय हुए कोल्हान टाइगर के समर्थक : 'जय श्रीराम' का नारा लगाया

**समर्थकों ने कहा, जंगलों की खाक छाना करते थे, तबसे साथ हैं, अब अकेले कैसे छोड़ देते**


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गये। रांची के धुर्वा स्थित शाखा मैदान में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित अभिनंदन सह मिलन समारोह में चंपाई सोरेन को पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। इससे पहले चंपाई सोरेन लगभग 100 गाड़ियों के काफिला से अपने बेटे बाबूलाल सोरेन और समर्थकों के साथ मिलन समारोह स्थल के पास अपनी गाड़ी से उतरे। इसके बाद पैदल पारंपरिक वाद्ययंत्र, ढोल नगाड़े के साथ समर्थकों ने नृत्य करते समारोह स्थल तक पहुंचाया। समर्थकों में उत्साह देखते ही बन रहा था। छोटे-छोटे बच्चों को गोद में और कंधे पर लिये लोग सभास्थल पहुंच रहे थे। पूरा मैदान कोल्हान टाइगर जिंदाबाद के नारों से गूंज रहा था। वहीं प्यार से चंपाई सोरेन को दादा कह कर पुकार रहे थे। चंपाई सोरेन के सदस्यता ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पोटका, पटमदा, घाटशिला, सरायकेला, खरसावां, गम्हरिया, चाइबासा समेत कोल्हान से सैकड़ों वाहनों में भर कर उनके समर्थक रांची पहुंचे थे। पूरा शाखा मैदान चंपाई सोरेन के समर्थकों से खचाखच भरा था। क्या बच्चे क्या बूढ़े और जवान, सभी की जुबान पर सिर्फ कोल्हान टाइगर का नाम था। जब मंच से चंपाई सोरेन ने कहा कि जिस पार्टी को अपने खून पसीने से सींचा है, उसकी एक ईंट तक नहीं ले जायेंगे, सिर्फ अपनी जनता को साथ ले जायेंगे। बहुत सोच समझ कर झारखंड की अस्मिता और उसके संपूर्ण विकास के लिए भाजपा पार्टी के साथ जाने का निर्णय लिया है। इसके बाद पूरा सभास्थल टाइगर जिंदाबाद और हम तुम्हारे साथ हैं के नारों से गूंजने लगा। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि हमारा एक ही नेता है, चंपाई सोरेन। जिस तरह उन्हें झारखंड के मुख्यमंत्री के पद से हटाया गया, वह ठीक नहीं लगा। एक बुजुर्ग समर्थक ने कहा कि नेता जी के साथ हम उस समय से हैं, जब वह झारखंड अलग राज्य बनाने के आंदोलन के दौरान गांव, पहाड़ और जंगलों की खाक छाना करते थे। आज जब उनके साथ इतना अपमान हुआ तो हम उन्हें अकेले कैसे छोड़ देते। वहीं एक युवा ने कहा कि जब से मैंने होश संभाला है, तब से सिर्फ एक ही नेता को अपना माना है। वे हैं चंपाई दादा। नेताजी के लिए पूरा गांव खड़ा है। हम लोग उनको दादा-दादा बोलते हैं। जिलिंगगोड़ा की बात छोड़ दें, आस पास के गांव के लोग भी दादा के साथ खड़े हैं। कहा कि झामुमो का वर्षों पुराना कार्यालय भी अब भगवा रंग में रंग गया। इस कार्यालय की स्थापना दादा ने ही करायी थी। दादा के आने से पूरे क्षेत्र का भगवाकरण हो गया है। समर्थक मीडिया को देखते ही जय श्रीराम के नारे लगाने लगते हैं।



### 7-8 सितंबर को होगा बड़ा आयोजन, शामिल होंगे बड़े नेता

**चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद वे कोल्हान का दौरा करेंगे। इसके बाद 7-8 सितंबर को सरायकेला-खरसावां एवं गम्हरिया में एक बड़ी सभा का आयोजन होगा। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा सरीखे नेताओं के शिरकत करने की संभावना है। उनके समर्थकों ने दावा किया कि इस सभा में झामुमो के कई नेता अपने समर्थकों के साथ शामिल होंगे।**



### भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद चंपाई पहुंचे भाजपा कार्यालय

- कोल्हान प्रमंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शामिल हुए
- विजय संकल्प को पूरा करने का लिया संकल्प




रांची। भाजपा की सदस्यता ग्रहण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा कार्यालय पहुंचे। कोल्हान प्रमंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रमंडल प्रभारी एवं सांसद आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित कोल्हान प्रमंडल के सभी जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों, योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.7 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.08 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.30 बजे | |



# अभिनंदन सह मिलन समारोह में पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भाजपा में हुए शामिल




शुक्रवार को धुर्वा के गोलचक्कर मैदान में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हो गये। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी जासूसी करायी जायेगी। इस दौरान कार्यक्रम में मंच पर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, बाबूलाल मरांडी, शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिस्वा सरमा, अमर बाउरी, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, मधु कोड़ा, दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, अर्जुन मंडा, संजय सेठ, बाबूलाल सोरेन और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू

# मुख्यमंत्री हेमंत ने लोगों से लाभ उठाने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण की शुरुआत हुई। यह जनसंपर्क कार्यक्रम 15 सितंबर तक जारी रहेगा।

इस जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में विशेष शिविर लगाया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जेएमएम के विधायक और नेता और सभी जिलों के डीसी को अपने नजदीकी पंचायत/वार्ड में जाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील कर रहे हैं।



**सीएम, विधायक, मंत्री और डीसी ने लाभ उठाने की अपील की :** हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आपकी सरकार आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए चौथी बार आपके द्वार पहुंच रही है। उन्होंने लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे शिविरों से योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इसके अलावा महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लोगों से लाभ उठाने की अपील की है।

### 1.49 करोड़ आवेदनों का किया जा चुका है निपटारा

बता दें कि हेमंत सोरेन ने सबसे पहले 15 नवंबर 2021 को पंचायत स्तर पर लाभार्थियों के लिए शिविर लगा कर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारह्न कार्यक्रम की शुरूआत की थी। राज्य में 2021 में कुल 6,867 शिविर आयोजित किये गये और लगभग 35.95 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी तरह 2022 में 5,696 शिविर लगाये गये और लगभग 55।44 लाख आवेदन आये। वहीं तीसरे चरण यानी 2023 में कुल 5,496 शिविर आयोजित किये गये और लगभग 58.26 लाख आवेदन प्राप्त हुए। तीन चरणों में प्राप्त कुल आवेदनों में से लगभग 1.49 करोड़ आवेदनों का निपटारा किया जा चुका है।

### भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले प्रदेश प्रभारी

# झारखंड में कमल खिलाकर दम लेंगे : लक्ष्मीकांत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है, इसलिए हमें राज्य में कमल खिलाकर ही चैन लेना है। शुक्रवार को ये बातें प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहीं। वे भाजपा की ओर से रांची स्थित काव्स रेस्टूरेंट में आयोजित प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में पार्टी के प्रमंडल प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी और 5 राज्यों से आये प्रवासी कार्यकर्ता शामिल हुए। डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ता झारखंड के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लक्ष्य को पूरा करने में अपना योगदान दें।

### हमें तबाह झारखंड को बचाना है : शिवराज

बैठक में प्रदेश चुनाव प्रभारी तथा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज झारखंड झामुमो के नेतृत्व में इंडी ठगबंधन की सरकार से तबाही और बरबादी के कगार पर पहुंच गया है। हमें तबाह बर्बाद झारखंड को बचाना है। राज्य में आज एकतरफ केवल लूट और भ्रष्टाचार है दूसरी ओर बांग्लादेशी घुसपैठियों का उत्पात है।

### जनता भ्रष्ट-निकम्मी सरकार से ऊब चुकी है : हिमंता बिस्वा सरमा

कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार जनता की मांग है। जनता भ्रष्ट और निकम्मी सरकार से ऊब चुकी है। प्रवासी कार्यकर्ता संकल्प लें कि हम सभी झारखंड में भाजपा की सरकार बनाकर ही चैन की सांस लेंगे।

### भाजपा की सरकार बनेगी : बाबूलाल मरांडी

बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रवासी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि सबके प्रयास और परिश्रम से झारखंड में भाजपा की मजबूत सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव के बाद भी और चुनाव के पहले केवल झूठ बोलती रही। आज अपनी कुर्सी के लिए यह सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है।

वहीं, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने किया। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत वरुण साहू, सुमित शरण, धीरज महतो, विवेकानंद सिंह, अमित तिवारी, लक्ष्मण बड़ाइक , मनीर उरांव तथा सुधांशु ओझा ने किया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, मनोज सिंह उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, रविकांत मिश्र, सुनीता सिंह, सरोज सिंह और मुनेश्वर साहू उपस्थित थे।

# शिबू सोरेन से सीएम हेमंत और नवनियुक्त मंत्री रामदास ने की मुलाकात

**नवनियुक्त मंत्री रामदास सोरेन ने गुरुजी से लिया आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य समन्वय समिति-सह-राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन से शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य के नवनियुक्त मंत्री रामदास सोरेन ने मुलाकात की। मंत्री रामदास सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने राज्य के मंत्री के रूप में शपथ लेने पर रामदास सोरेन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कई मंत्री, विधायक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए शी-बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ

**महिला एवं बाल विकास मंत्री ने मंत्रालय की नयी वेबसाइट का शुभारंभ किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज करने और उनकी निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत मंच नया शी-बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ किया है। इस पोर्टल के शुभारंभ का कार्यक्रम 29 अगस्त, 2024 को नयी दिल्ली में आयोजित किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान मंत्रालय की नयी वेबसाइट का भी ?उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और सचिव, महिला और बाल विकास मंत्रालय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




नया शी-बॉक्स पोर्टल देश भर में गठित आंतरिक समितियों (आइसी) और स्थानीय समितियों (एलसी) से संबंधित सूचनाओं के केंद्रीकृत भंडार के रूप में कार्य करता है, जिसमें सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। यह शिकायत दर्ज करने, उनकी स्थिति को ट्रैक करने और आइसी द्वारा शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है। यह पोर्टल शिकायतों का सुनिश्चित निवारण और सभी हितधारकों के लिए सुव्यवस्थित प्रक्रिया प्रदान करता है। यह पोर्टल नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से शिकायतों की वास्तविक समय पर निगरानी करने की सुविधा प्रदान करेगा। चूंकि भारत अगले 25 वर्षों में अपनी आजादी के शताब्दी वर्ष में पहुंच जायेगा, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए प्रतिबद्ध है। इसे प्राप्त करने के लिए सरकार ने पिछले दशक में वीमेन-लेड-डेवलपमेंट पर महत्वपूर्ण जोर दिया है और समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं के नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी है। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए इस पहल का एक मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यस्थल सुरक्षित और संरक्षित हों, जिससे महिलाएं आगे बढ़ सकें और सफल हो सकें। कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाने और उनकी शिकायतों का समाधान करने का काम करता है। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप नया शी-बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों का समाधान और प्रबंधन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शी-बॉक्स पोर्टल के अलावा, मंत्रालय ने भारत सरकार की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विकसित की गयी नयी वेबसाइट भी शुरू की है। इस वेबसाइट का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफार्मों पर एक सशक्त उपस्थिति दर्ज कराना है जिससे राष्ट्रीय और वैश्विक लाभार्थियों के साथ सरकार की भागीदारी बढ़ सके। चूंकि डिजिटल प्लेटफॉर्म नागरिकों के लिए संपर्क का प्राथमिक बिंदु होते हैं, इसलिए एक मजबूत और आकर्षक ब्रांड की मौजूदगी बनाये रखना आवश्यक है।

कार्यक्रम में बोलते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह पहल कार्यस्थल से संबंधित यौन उत्पीड़न की शिकायतों का समाधान करने के लिए पहले से अधिक कुशल और सुरक्षित मंच उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह संपूर्ण भारत में महिलाओं के लिए सुरक्षित और अधिक समावेशी कामकाज का वातावरण बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पोर्टल सुनिश्चित करेगा कि व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रूप से शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं।

शी-बॉक्स पोर्टल और मंत्रालय की नई वेबसाइट क्रमशः https://shebox.wcd.gov.in/ और X https://wcd.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

# चंपाई दा जहां कहीं भी गये हों, उसके लिए उन्हें शुभकामना: सुप्रियो

**भाजपा को हर आदमी भूत दिखता है, वे डर के कारण पीछे घूम जाते हैं, कहीं ये जासूस तो नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सियासी घमासान तेज हो गया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को हर आदमी भूत दिखता है, वे डर के कारण पीछे घूम जाते हैं। कहीं ये जासूस तो नहीं, यह बस डर है। समाज को बांट कर राजनीति को दूषित कर रही है, यह पार्टी हमारी प्रतिद्वंदी है, उनका चरित्र अब पॉलिटिकल इश्यू का नहीं रहा। जो पार्टी, जो सरकार उच्चतम न्यायालय में यह मान चुकी है कि हम जासूसी करवाते थे पेगासस के द्वारा, जबकि उनका तो सब कुछ जासूस से ही जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि असम के सीएम यहां आते हैं तो क्या असम राज्य की पुलिस हमारे राज्य के पुलिस के संपर्क में नहीं रहती है, क्या वो जहां ठहर रहे वहां का जायजा और रूट की जानकारी वहां की पुलिस नहीं लेती है, ये लेना पड़ता है, समन्वय बनाकर चलना पड़ता है। सुप्रियो ने कहा कि हमारे प्रमुख प्रतिद्वंदी दल भाजपा का एक समारोह धुर्वा में आयोजित हुआ। उस समारोह में भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी भारत के कृषि मंत्री व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री




शिवराज चौहान, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा उपस्थित थे, हमें लगता था कि ये आयोजन किसी राजनीतिक संदेश के लिए होगा, लेकिन बीते 3-4 दिनों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मुख्य प्रतिद्वंदी दल भाजपा हमसे राजनीतिक तौर पर अब हमसे मुकाबले के लिए तैयार नहीं है। हम जानते हैं इस देश में दो सर्विस एक आइपीएस और दूसरी भी आइपीएस है, जिसमें एक इंडियन पुलिस सर्विस है और हम जैसे लोग भी इंडियन पॉलिटिकल सर्विस में हैं। हमारी परीक्षाओं के शेड्यूल तय नहीं होते हैं, हमें रोज परीक्षा देनी पड़ती है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का जिक्र करते हुए सुप्रियो ने कहा कि हमारे सदस्य रहे हैं, आंदोलनकारी भी रहे हैं, उनका पूरा मान-सम्मान और नेतृत्व हमलोगों ने स्वीकार किया है। लेकिन अब वो जहां कहीं भी गये हों, उसके लिए उन्हें शुभकामना। लेकिन हमको लगता है कि इससे हमको तो नहीं मगर भाजपा में बहुत बड़ा हलचल देखने को मिलेगी।

सुप्रियो ने कहा कि चंपाई दादा ने कहा कि वो दुखी हैं और परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी स्तर का हो, वह परिवार त्यागता है तो स्वाभाविक रूप से मन व्यथित होता है। उन्होंने कहा कि जेएमएम सरकार ने झारखंडी अस्मिता और आदिवासी-मूलवासियों की आकांक्षा को आत्मसात करने के लिए विश्वसनीयता हासिल की है, जो और किसी में नहीं है। उन्होंने कहा कि जेएमएम बांस की तरह है, जिसे कभी भी जड़ से उखाड़ा नहीं जा सकता है।

### शहर में बढ़ते अपराध को लेकर बिफरा रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स

## बेलगाम अपराध के खिलाफ दी आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला में व्यवसाय और आमजन दहशत में, चेंबर पिछले कुछ माह से रामगढ़ जिले में गिरती विधि व्यवस्था और आये दिन हो रही चोरी, छिनतई, लूट, हत्या व रंगदारी से व्यवसाय एवं आमजन दहशत में है, विधि व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। जिला पुलिस प्रशासन अपराध को रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। उक्त बातें शुक्रवार को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी की एक बैठक में कही गयी। इस दौरान चैंबर भवन में आयोजित बैठक में जिले में गिरती विधि व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की गयी।

**रामगढ़ में थाना प्रभारी नियुक्त होने से व्यवस्था अस्त व्यस्त:** चेंबर की बैठक में रामगढ़ थाना में अभी तक स्थाई रूप से थाना प्रभारी की नियुक्ति नहीं होने से थाने की व्यवस्था अस्त-व्यस्त है। थाना में किसी तरह की शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं होने से भी यहां के व्यापारी और आमजन काफी परेशान है। चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि दो दिन पूर्व व्यवसाय राजेंद्र अग्रवाल अपनी दुकान बंद करके अपने घर जा रहे थे, उनकी स्कूटी से 86 हजार नगद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कागजात व चेक लेकर बदमाश भाग गये।

बैठक में चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानद सचिव मानू चतुवेर्दी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, विधि व्यवस्था समिति के सभापति पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य अमरेश गाणक अमित साहू पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पंकज तिवारी और अन्य उपस्थित थे।

### शिकायत करने के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

चमार अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने बताया कि व्यवसाय राजेंद्र अग्रवाल के साथ घटी घटना पर थाना में रिपोर्ट करने पर थाना द्वारा किसी भी तरह का उचित कार्रवाई नहीं की गयी ओर ना ही व्यापारियों की बात को सुना गया। जबकि, कई घटनाएं हो रही है, जिससे चैंबर बहुत चिंतित है। यदि समय रहते जिला पुलिस प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिला में विधि व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हुई तो चैंबर उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही शीघ्र ही चैंबर एक प्रतिनिधिमंडल जिला के पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी बातों को रखेगा।

## समाजसेवी डॉ माला चक्रवर्ती का निधन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी व बरियातु गोला की आरएमपी डॉ माला चक्रवर्ती 46 वर्षीय पति डॉ दुर्गा प्र चक्रवर्ती का अस्पताल में निधन हो गया, बताया गया कि डॉ चक्रवर्ती को सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही थी जिसे देखते हुए बेहतर इलाज के लिए 27 अगस्त को रांची के प्रतिष्ठित अस्पताल आलम नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान 28 अगस्त को मृत घोषित कर दिया, उनके निधन से पूरे रजरप्पा क्षेत्र में शोक की लहर है पूरे क्षेत्र में महिला चिकित्सक के रूप में बहुत ही चर्चित प्रतिष्ठित और मान सम्मान मिलता रहा, उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में 26 वर्षों से काफी अनुभव था ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत अधिक इलाज करने का अनुभव प्राप्त था विशेष कर महिला रोगों की जानकारी था, मृतक डॉ अपने पीछे एक पुत्र निखिल चक्रवर्ती व पुत्री स्नेहा चक्रवर्ती को सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये, अचानक निधन होने से पूरा परिवार के सदस्य मातम में डूबे है बरियातू गांव का माहौल पूरा गमगीन है, शव को रांची से अपने पैतृक आवास बरियातु आते ही परिजन छाती पीट-पीट कर रोने लगे बेटा - बेटी दहाड़ मारकर रोने लगे थे। अंतिम संस्कार में शिबू चक्रवर्ती, श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, दुर्गा प्रसाद चक्रवर्ती, सुनील चक्रवर्ती, मनोज पोदार, शंकर घोषाल, सपन घोषाल, तपन घोषाल, मनोज महतो, विनोद बिहारी महतो, विवेक गोस्वामी, राहुल कुमार, दीपू कुमार, अमित कुमार सहित पास पुरुष का सैकड़ों ग्रामीण दाह संस्कार में शामिल हुए।

## चतरा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पांडेपूरा प्लस टू हाई स्कूल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ संदीप सुमन लोगों की समस्या से अवगत हुए। मौके पर कई समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को पीएलवी की टीम ने सहायता किया। इस मौके पर कई लोगों ने अपनी समस्याओं को जन समस्या समाधान कार्यक्रम में रखा। कई समस्याओं का निष्पादन भी किया गया। इस दौरान सीडीपीओ ने उपस्थित लोगों से बताया कि पुलिस और नागरिकों के बीच सांमजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम प्रत्येक गुरुवार और शुक्रवार को आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी छोटे-बड़े समस्याओं को बैठकर हल की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निवारण किया जाना एक अच्छे प्रशासन की जिम्मेवारी है। विशेषकर पुलिस को नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनना चाहिए। और उसका निवारण करना चाहिए। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और नागरिकों के बीच एक अविश्वास और दूरी को समाप्त करना एक आवश्यक कदम है। उसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एवं पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्यय हेतु जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम में एसडीपीओ सतीश सुमन, हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार, पांडेयपुर पुलिस पिकेट प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह और प्रतापपुर थाना प्रभारी मोहम्मद कासिम ,हंटरगंज प्रखंड के पीएलवी कुमार विवेक रंजन, सरयु यादव और प्रतापपुर प्रखंड के पीएलवी गोविंद ठाकुर नरेश कुमार प्रजापति शामिल हुए।

## ओरला और तोपा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**सरकारी योजना का लाभ उठायें ग्रामीण : डीसी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** मांडू प्रखंड के तोपा और ओरला पंचायत में शुक्रवार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्य्रकम में मुख्य रूप से रामगढ़ डीसी चंदन कुमार व अपर समर्हता गीतांजलि कुमारी शामिल रहे। मौके पर डीसी चंदन कुमार ने मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं से कोई भी ग्रामीण वंचित न रहे। इसके लिए सरकार के निर्देश पर दोबारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से आप सभी लोग अबुआ आवास, जमीन संबंधित समस्या, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, छात्रवृति, कृषि, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सहित अन्य कई योजनाओं के लाभ को लेकर अपना-अपना आवेदन जमा कर सकते है। इसके बाद सभी लोगों के आवेदन की जांच के बाद योजना का लाभ दिया जायेगा। इसके लिए उन्होंने सभी ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओ के लिए आवेदन करने की बात कही। बाद में सरकारी योजनाओं से वंचित दोनों पंचायत के लोगों ने आवेदन दिया। जिसमें से कई आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ शैल बाला, महिला पर्यवेक्षक आयशा खातून, एमओ विमल बेदिया, जन सेवक विकास कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय राम, एएनएम प्रीति कुमारी, राजकुमारी, पंकज कुमार, पंसस निर्मल करमाली मुखिया प्रतिनिधि अरशद अंसारी, स्वयंसेवक अरुण देव कुमार, मंगू मांझी, शकील अहमद, प्रदीप करमाली, अनूप कुमार, किशोर करमाली, दिलीप कुमार, बबीता कुमारी, सिकंदर अंसारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

गोला (आजाद सिपाही)। गोला चारु पथ कालीनाथ चोक के समीप शुक्रवार की अहले सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान कालीनाथ चौक निवासी रामकिशोर महतो का एकलौता पुत्र विशाल कुमार 20 वर्ष के रूप में की गयी। घटना के संबंध में बताया गया कि विशाल अपने मां माला देवी के साथ साइकिल से काम करने खेत जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा की ओर से आ रहे अज्ञात पिकअप वेन ने अपनी चपेट में ले लिया। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## सर्पदंश से महिला की मौत

हंटरगंज/ चतरा। थाना क्षेत्र के भीमडाहा गांव निवासी मनोज यादव के 26 वर्षीय पत्नी ममता देवी की मौत सर्प दंश से हो गयी। बताया गया की मृतका रात्रि को अपने खटिया पर सोई हुई थी। इसी दौरान रात्रि में सर्प काट लिया। सांप काटे जाने के बाद ममता द्वारा रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर जब उसके परिजन उसके पास पहुंचे तो देखा कि उसके मुंह से झाग आ रही है और वह तड़प रही है। परिजनों ने स्थानीय उपचार के बाद पांडेयपूरा और शेरघाटी में भी इलाज करवाया। गंभीर स्थिति में गया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती किया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका ममता के दो छोटे मासूम बच्चे है। परिजनों का रोकर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि ममता प्रतापपुर प्रखंड के परहियाडीह गांव के रहने वाले लाटो यादव की पोती और जगदीश यादव की बेटी है। जिसकी शादी हंटरगंज थाना क्षेत्र के भीमडाहा गांव में मनोज यादव से हुई थी।

## भुरकुंडा में वैश्य मोर्चा की केंद्रीय बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। भुरकुंडा एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरिज हॉल के सभागार में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। गत दिनों मुख्यमंत्री को सौंपे गए 10 सूत्री मांग-पत्र पर चर्चा एवं आगामी 2 अक्टूबर को रांची में प्रस्तावित वैश्य सद्भावना महासम्मेलन की तैयारी को लेकर यह सम्मेलन आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया। उपरोक्त मुद्दे पर चर्चा करते हुए ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे व्यापारियों, निर्दोष लोगों को पुलिस अत्याचार से बचाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 2 अक्टूबर को रांची में होने वाले वैश्य सद्भावना महासम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि समाज और संगठन से बड़ा कोई नहीं होता है।

## गिद्दी के रास्ते अवैध कोयला लाने वाले 'झा जी' परेशान

**मास्टरमाइंड झा जी के मोबाइल से खुलेगा कोयला तस्करी का राज!**

**प्राइवेट नौकरी के साथ तस्करों से है मधुर संबंध, पार्टनरी के भूमिका रहते है सक्रिय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र के लुरुंगा से अवैध कोयला तस्करी में झा जी का नाम आने से काफी परेशान है। वे पत्रकारों को घूम घूम कर सफाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि हम तस्करी में शामिल नहीं हैं। अब सवाल है कि उनका पूरा नाम नहीं लिखा गया है तो वे परेशान क्यों हैं। इधर कोयले को रामगढ़ और गिद्दी इलाके में स्थापित प्लांटों में कोयला खपाने की रणनीति बनी थी। लेकिन गिद्दी पुलिस ने शुरुआत में ही कारोबार पर डंडा चला दिया, जिसके कारण काम पर ब्रेक लग गया। हालांकि कारोबार को संचालित करने के लिए फिर सक्रिय हो गये हैं। तस्कर ने अपनी पुरानी गलतियों को सुधार कर कारोबार करने की योजना बनायी है। अब देखना है कि कारोबार शुरू होता है या पुलिस कार्रवाई जारी रहेगी।

**मास्टरमाइंड झा जी के मोबाइल से खुलेगा कोयला तस्करी का राज!:** इधर कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पूरे खेल का मास्टरमाइंड झा जी हैं। उनकी देखरेख में कारोबार शुरू हुआ था। लेकिन झा जी का मैनेजमेंट अचानक गड़बड़ा गया और गिद्दी पुलिस का डंडा उनके ही कारोबार पर चल गया। सूत्रों ने बताया कि झा जी का मोबाइल अगर खंगाला जाये तो तस्करी का पूरी परत खुल जायेगी। क्योंकि तस्करों को आदेश निर्देश अपने मोबाइल से ही देते हैं। अगर पुलिस की जांच कह आंच झा जी तक पहुंची तो उनका मोबाइल पूरे खेल का पत्ता खोल देगा। अब देखना है कि पुलिस की जांच किस स्तर तक पहुंचतह है या फिर पुलिस की कार्रवाई ढाक के तीन पात साबित होकर रह जायेगी।

**प्राइवेट नौकरी के साथ तस्करों से है मधुर संबंध, पार्टनर की भूमिका रहते है सक्रियः** सूत्रों ने बताया कि झा जी निजी प्लांट के कर्मी हैं। लेकिन कोयला हेराफेरी का पूरा जिम्मा इनके ही कंधों पर रहता है, जिसके कारण उनका संबंध तस्करों से प्रगाढ़ हो गया है। झा जी पहले तो प्लांट में कोयला गिराने वाले तस्करों से कमीशन लेते थे। लेकिन अब उन्हेंने कमाई का दायरा बढ़ा दिया है। अब वे तस्करों के साथ सीधे तौर पर पार्टनरी की भूमिका में आ गये हैं। जिसके तहत ही लुरुंगा से तस्करी की शुरुआत की गयी थी। लेकिन झा जी की किस्मत ने साथ नहीं दी और पुलिस की कार्रवाई तस्करी के शुभारंभ में ही हो गयी। हालांकि कोयला तस्करी शुरू करने के लिए वे आगे की रणनीति में जुट गये हैं।

# लेवी वसूलने निकले पांडे गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने दबोचा

**अपराधियों के पास से दो बाइक और 14 मोबाइल हुए जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में पांडे गिरोह के कुख्यात अपराधी लगातार सक्रिय हैं। वे लोग विभिन्न कंपनियों के मालिकों और ठेकेदारों को लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। भदानीनगर ओपी क्षेत्र में ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए निकले 4 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी ओम प्रकाश साहू उर्फ. प्रकाश साहू, मुकेश साहू उर्फ. पठान, सागर कुमार और गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत वाशरी कॉलोनी निवासी सूरज सिंह शामिल हैं।

**14 मोबाइल लेकर ठेकेदारों को धमकी दे रहे थे अपराधी :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह पांच अपराधी अपने पास 14 मोबाइल रखे हुए थे। अलग-अलग नंबरों से अलग-अलग ठेकेदारों को धमकी दी जा रही थी। दो मोटरसाइकिल यामाहा आर 1-5 जेएच 01 एफबी 4819 और बजाज पल्सर जेएच 01 एफएच 4960 से पांचो अपराधी घूम रहे थे। पुलिस की टीम देवरिया पंचायत भवन के पास पहुंची तो बाइक पर सवार पांचो लोग संदिग्ध हालत में पीसीसी से सड़क पर घूमते हुए दिखे। पुलिस ने पीछा कर चार अपराधियों को पकड़ा, एक अपराधी भागने में सफल रहा। उन लोगों ने खुद को पांडे गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया। साथ ही पीसीसी सड़क के ठेकेदार से लेवी वसूलने की बात भी कही।

**ओम प्रकाश साहू है कुख्यात अपराधी :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरोह में गिरफ्तार ओम प्रकाश साहू उर्फ. प्रकाश साहू काफी कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ 14 मामले विभिन्न थानों में पहले से ही दर्ज हैं। रामगढ़ जिले के कुजू, रामगढ़, भुरकुंडा, बरकाकाना, हजारीबाग जिले के केरेडारी, बढ़कागांव, गिद्दी थाना क्षेत्र में ओमप्रकाश ने कई अपराधों को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, कोल माइन्स एक्ट, रंगदारी के कई मामले दर्ज हैं। मुकेश साहू भी केरेडारी और गिद्दी थाना क्षेत्र में कांडों को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। सूरज सिंह के खिलाफ भी गिरिडीह थाना क्षेत्र में मारपीट और हत्या की नीयत से किये गये हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज है।

**छापामारी टीम में शामिल**

छापेमारी टीम में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह, भदानी नगर ओपी प्रभारी संजय कुमार, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, अख्तर अंसारी सहित अन्य शामिल थे।



### एजेंसी की गाड़ियों पर चलने वाली थी गोली

रामगढ़। जिले के पतरातू प्रखंड क्षेत्र में एक कुख्यात अपराधी ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की गाड़ियों पर निशान साध कर बैठा था। कभी भी किसी गाड़ी पर गोली चल सकती थी। लेकिन पुलिस की सक्रियता से न सिर्फ योजना विफल हुई, बल्कि अपराधी भी सलाखों के पीछे पहुंच गया। शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि हथियार के साथ कुख्यात अपराधी मुखलाल गंझू को गिरफ्तार किया गया है। वह पतरातू थाना क्षेत्र के तालाटांड गांव का निवासी है। उसने ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की गाड़ियों से लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं देने के कारण उसने गाड़ियों पर हमले की योजना बनाई थी। उसने भरठुआ बंदूक भी अपने साथ रखा था। जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली पतरातू एसटीपीओ वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता ने छापेमारी शुरू की। इस दौरान कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

## हर-घर-नल योजना सफेद हाथी का दांत हो रहा है साबित, विभाग मौन

दीपक कुमार





**मांडू (आजाद सिपाही)।** हर घर नल योजना मांडू में सफेद हाथी का दांत साबित हो रहा है। और विभाग इसे दुरुस्त करने के बजाय मौन धारण लगाये हुए है। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना प्रत्येक घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना है। परंतु यह योजना मांडू में विफल हो रही है। इससे प्रखंड के मांडूडीह, मांडू चट्टी समेत दर्जनों गांव के लोग काफी विवश है। प्रखंड के बुमरी, चुंबा तोपा, सेमरा, मांडू, गरगाली समेत दर्जनों गांव में शुद्ध पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन के जरिये की जा रही थी, लेकिन कई माह से पेयजलापूर्ति ठप पड़ा हुआ है। जिससे कारण विभाग के प्रति ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार दामोदर नदी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की गयी है, जहां से इन गांवों के ग्रामीणों को पेयजलपूर्ति की जाती है। पिछले कई माह पूर्व बुमरी गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पेय जलापूर्ति ठप हो गयी है। इसी तरह केरीबंदा में भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई थी। लेकिन विभागीय लापरवाही की वजह से अभी तक ठीक नहीं किया जा सका है। जिसके कारण क्षेत्र के सैंकड़ों की आबादी दूषित पेयजल का उपयोग करने के लिए विवश हो रहे है। क्षेत्र के ग्रामीण में इसको लेकर काफी आक्रोश व्याप्त है।

**क्या कहते है मुखियाः बैजनाथ रामः** इस संबंध में मांडूडीह पंचायत के मुखिया बैजनाथ राम ने बताया कि पहले भी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट होने के बावजूद गंदा पानी पाइप लाइन से निकलने लगा था। अब तो पिछले डेढ़ माह से पेय जलापूर्ति बंद हो चुकी है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**क्या कहती है उपमुखियाः सीता देवीः** इस संबंध में मांडूडीह पंचायत की उप मुखिया सीता देवी ने कहा कि विभाग इसे शीघ्र दुरुस्त कर जलापूर्ति व्यवस्था बहाल की जाय। साथ ही उन्होंने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विभाग अविलंब जलापूर्ति व्यवस्था शुरू नहीं की जाती है, तो बाध्य होकर ग्रामीण सड़कों पर आंदोलन में उतरने के लिए मजबूर होंगे, और इसकी सारी जवाब देही प्रखंड प्रशासन की होगी।

## उज्ज्वला फाउंडेशन ने बांटी खाद्य सामग्री



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्पलेक्स में हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने किया। बैठक के दौरान संस्था के उत्थान और उद्देश्य को आगे बढ़ाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान संस्था अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने मौजूद सदस्यों को संस्था के प्रति समर्पित होने और अपनी एकजुटता को बनाये रखने की अपील की। संस्था द्वारा सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जल्द ही सिलाई मशीन की उपलब्धता के साथ व्यवसायिक क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कर आत्मनिर्भर कराने की बात कही। साथ ही, संस्था से जुड़े सदस्यों को जल्द ही रोजगार दिलाने की दिशा में एनजीओ अक्षयपात्रा से संपर्क साधा जा रहा है। इस अवसर पर 50 सदस्यों के बीच खाद्य सामग्री वितरित की गई। मौके पर प्रकाश केसरी, आशा कुमारी, शांति देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, पूनम, सावित्री, पार्वती, रूपा, निराशो, कुंती गुनीता, प्रियंका, सोनी, रीना, लक्ष्मी, मीनू समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## रेलवे लाइन से अज्ञात शव बरामद

**गोला (आजाद सिपाही)।** बड़काकाना मुरी रेल खंड के गोविंदपुर रेलवे लाईन के पास बरलंगा पुलिस ने शुक्रवार की सुबह को एक अधेड़ व्यक्ति का अज्ञात शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर। शव की पहचान के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ के पोस्टमार्टम रूप में रखा गया है। आस पास के लोगों ने बताया मृतक व्यक्ति किसी पैसेंजर ट्रेन से गिर गया होगा। जिसके कारण उसकी मौत हो गयी।

### रामगढ़ में अंतरजिला बैठक संपन्न

## विस चुनाव में पुलिस रहेगी सक्रिय अपराधियों पर कसेगी नकेल : आइजी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। सभी जिलों की पुलिस आपस में सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न करायेंगे। इसी उद्देश्य से उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र अंतरजिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई है। यह बातें बैठक के दौरान उत्तरी छोटानागपुर आइजी डॉ माइकल एस राज ने कही है। एसपी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में सात जिलों के एसपी शामिल हुए हैं। बैठक में हजारीबाग रेंज के डीआइजी सुनील भास्कर और बोकारो रेंज के डीआइजी सुरेंद्र कुमार झा के साथ रामगढ़ एसपी अजय कुमार, हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार, कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह, धनबाद एसपी हृदीप पी जनार्दन, बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश और चतरा एसपी विकास पांडे जिले के एसपी आपस में सारे मुद्दों पर किया। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान काफी सारे बिंदुओं पर तैयारी की जाती है। कुछ बिंदुओं पर कमी रह गयी है, जिसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया जायेगा। आइजी ने बताया कि संगठित अपराध पर रोक लगाने के लिए सभी अधिकारियों का आपस में सामंजस स्थापित होना बेहद जरूरी है। अपराधी कई जिलों में कांड करते हैं वैसे ही हालत कोयला तस्करों और अवैध कारोबारी के भी हैं। इन सभी अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारी एक साथ मिलकर कार्रवाई करेंगे।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 11089, दिनांक 08.06.2024 मैं अजय कुमार मिश्रा (Ajay Kumar Mishra) पिता सुरेश मिश्रा उम्र 50 लगभग धर्म- हिन्दू जाति- ब्रह्मण पेशा- पारा शिक्षक निवाश ग्राम, पो०- बरियातु थाना- गोला जिला-रामगढ राज्य झारखण्ड राष्ट्रीयता- भारतीय शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि- 1. यह कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम अंशिका मिश्रा (Anshika Mishra) जो आधार कार्ड में दर्ज है, आधार संख्या 2874 2836 0995 है। 2. यह कि मेरी पुत्री का बचत खाता जो कि B-O-I Branch Saram से निर्गत है (बचत खाता संख्या 596410510001772) में अंशिका कुमारी (Anshika Kumari) दर्ज हो गया है। 3. यह कि (Anshika Mishra) एवं (Anshika Kumari) एक ही लड़की का नाम है, जो कि मेरी पुत्री है। यह कि यह शपथ पत्र में मेरी पुत्री के बचत खाता में दर्ज गलत नाम Anshika Kumari को हटाकर Anshika Mishra दर्ज करने हेतु ले रहीं हूँ

यह है कि उपरोक्त शपथ पत्र में सभी बातें सत्य वा सही है।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 4740 Dated 05.08.2024 I, SARYU SONAR, aged about 63 years, S/O Khiru Saw, resident of Khudgadda, P.O. Swang, P.S.- Gomia, District-Bokaro (Jharkhand), PIN-829128 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian. 2. That, In my Aadhaar Card No. 8323 7545 4301 and PAN Card No. BQMPS9478M in which my name has been mentioned as SARYU SONAR.

3. That, I am Bank account holder of Bank of India, Swang Colliery Branch bearing Account No. 489810100007410 in which my name has been mentioned as SARJOO SWARNKAR which is required to be corrected as SARYU SONAR 4. That, I am swearing this affidavit for rectification in my name as SARYU SONAR in place of SARJOO SWARNKAR in my said Bank Account of Bank of India, Swang Colliery Branch.

5. That, the contents made above are true and correct, if found false, I shall be punishable under law.

## P.P.K. COLLEGE (BUNDU) RANCHI

(A CONSTITUENT UNIT OR RANCHI UNIVERSITY, RANCHI)

### SHORT TENDER NOTICE

Tender is invited for the purchase of following items.

1. High Quality Kabaddi mat inter locking 1x1 meter

**Thickness 35mm 160 piece-Density - 80mm**

| | | |
|---|---|---|
| Date of Tender Purchase | : | 31/08/2024 to 09/09/2024 Time 03:00PM |
| Last Date of Submission of Tender | : | 09/09/2024 Time 03:00PM |
| Date of Opening of Tender | : | 11/09/2024 Time 12:00 Noon |
| Cost of Tender Form | : | Rs. 1,000/- |

Sl. No. G/PPK/126/24
Date 30/08/2024

Principal
P.P.K. College, Bundu

# हिंसक तत्वों पर लगे लगाम

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अगर निराश हैं, तो समझ सकते हैं कि हालात कितने बुरे हैं। राष्ट्रपति का कहना है कि देश के लोगों का गुस्सा जायज है और वह भी गुस्से में हैं। लेकिन इस गुस्से को जाहिर करने के लिए पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन के दौरान जिस तरह की हिंसक घटनाएं हुईं, वे कम निराशाजनक या चिंताजनक नहीं।

**सतह पर आक्रोश:** भाजपा ने 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया था। इस दौरान कई जगह से भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आयीं। एक भाजपा नेता पर हमले का आरोप है। तमाम लोगों को हिरासत में लेना पड़ा। स्थिति यह थी कि सरकारी बस ड्राइवर हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाते दिखे। पिछले कुछ दिनों से जो बंगाल भीतर ही भीतर सुलग रहा था, वह अचानक से फट पड़ा।

**राजनीति का खेल:** राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस हो या विपक्ष की भाजपा, दोनों ही पार्टियां महिलाओं की सुरक्षा चाहती हैं। फिर टकराव की स्थिति कैसे बन गयी? इसका सीधा-सा जवाब है पॉलिटिक्स। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को राजनीति का मुद्दा न बनाने की अपील करने वाले नेता भी अपनी जरूरत के मुताबिक बड़े आराम से इसे राजनीति का रंग दे देते हैं। बंगाल में यही हो रहा है।

**कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के मामले ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तक को निराश कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों का गुस्सा जायज है। बंगाल में इस मुद्दे पर हिंसक प्रदर्शन और राजनीतिक टकराव ने स्थितियों को चिंताजनक बना दिया है। टकराव और हिंसक घटनाओं की वजह से हालात बिगड़ते जा रहे हैं।**

**हिंसा की तस्वीर:** टीएमसी प्रमुख और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने लगभग चेतावनी वाले अंदाज में कहा है कि अगर आग बंगाल में लगेगी, तो यूपी, बिहार, असम और दिल्ली भी जलेंगे। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है, जो लाजिमी है। लेकिन सोचने वाली बात है कि क्यों बंगाल बार-बार ऐसे हालात में फंसता है, जहां आग लगने की नौबत आ जाये। राज्य से थोड़े-थोड़े समय पर हिंसा की एक जैसी तस्वीरें आती रहती हैं।

**नक्सलवाद का दौर:** पश्चिम बंगाल की राजनीति जितनी आक्रामक है, उतनी ही हिंसक भी। शायद इसकी वजह वहां के राजनीतिक इतिहास में है। 1970 और बाद के दशकों में राज्य ने नक्सलवादियों और माकपा कार्यकर्ताओं के बीच के हिंसक टकरावों को देखा। आरोप लगते रहे हैं कि कम्युनिस्ट दलों ने विपक्ष को पनपने नहीं दिया।

**शैली नहीं बदली:** बदलाव की उम्मीदें जगाकर आयी टीएमसी भी हिंसा के उसी चक्रव्यूह में फंस गयी। ऐसा लगता है कि जो असामाजिक तत्व पहले सक्रिय थे, वे अब भी अपना 'खेल' दिखा रहे हैं, बस पार्टी बदल चुकी है। पश्चिम बंगाल बेहद संवेदनशील राज्य है। वहां हुई कोई भी घटना पूरे देश पर असर डालती है। ऐसे में पक्ष हो या विपक्ष, दोनों की जिम्मेदारी है कि जनमत को प्रभावित करने की प्रक्रिया में इस बात का खास ख्याल रखें कि हिंसक तत्वों को बढ़ावा न मिले।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण को लेकर कर्नाटक सरकार ने यू-टर्न ले लिया है। सरकार ने पहले सी और डी कैटेगरी की प्राइवेट नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की बात कही थी। फिलहाल, आरक्षण के उस फैसले पर रोक लगा दी गयी है। कर्नाटक सरकार के इस फैसले के बाद से आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक रंग लेता दिखाई दे रहा है। आरक्षण खत्म करने की कोशिश का आरोप अब कांग्रेस पर लग रहा है।**

# आरक्षण खत्म करने की बात कौन करेगा?

**अशोक शर्मा**



**देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा हो गये। आजादी के बाद दलित समाज को विकास की धारा में शामिल करने के लिए दस साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। आज ये आरक्षण राजनेताओं को सत्ता में पंहुचने का माध्यम नजर आने लगा है, वे इसे बढ़ाने की बात कर रहे हैं, खत्म करने की नहीं।**

**दलित** और पिछड़े युवाओं के उत्थान के लिए लाया गया आरक्षण अब सत्ता में पहुंचने माध्यम बनता जा रहा है। अलग-अलग राज्य में राजनीतिक दल जहां आरक्षण को अपने हिसाब से अदल-बदल रहे हैं, वही प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण लागू करने की कोशिश हो रही है। कुछ राज्यों ने अपने यहां ये आरक्षण लागू किया पर वहां के हाइकोर्ट ने उसे अवैध बताते हुए रोक लगा दी, पर ये कोशिश जगह-जगह जारी है।

सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं होगा, इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनीतिक दलों ने इसके विरुद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद भी कर चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर विवाद खड़ा हो गया। हालांकि प्रदेश कैबिनेट में पास किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इस पर फिर विचार होगा।

**आरक्षण के दायरे से बाहर की जाति और उसे युवा ये सब देख रहे हैं।**

हाल के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के आते-आते प्रचार आरक्षण पर आकर सिमट गया। भाजपा नेता अपने भाषणों में दावा कर रहे हैं कि हम देश में मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में मुस्लिम आरक्षण पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही इंडिया गठबंधन दलित और पिछडों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दे देगा। वे देश का विभाजन करवा देंगे। इस पर कुछ बड़े नेता तो चुप्पी साधे हैं, किंतु समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने एक बयान में कहा है कि इंडिया गठबधंन के सत्ता में आते ही संविधान में संशोधन कर मुस्लिमों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिया जायेगा।

देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा हो गये। आजादी के बाद दलित समाज को विकास की धारा में शामिल करने के लिए दस साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। आज ये आरक्षण राजनेताओं को सत्ता में पंहुचने का माध्यम नजर आने लगा है, वे इसे बढ़ाने की बात कर रहे हैं, खत्म करने की नहीं। किसी को यह सोचने की फुरसत नही कि आरक्षण की मार से बचने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा आज विदेशों में जाकर शिक्षा ले रहे हैं। शिक्षा पूरी कर वहीं नौकरी या व्यवसाय कर चुने गये देश के विकास में योगदान कर रहे हैं। भारत के बाहर जाकर बसी भारत की मेधा से प्रभावित होते देश के विकास पर किसी को सोचने का समय नहीं।

प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण को लेकर कर्नाटक सरकार ने यू-टर्न ले लिया है। सरकार ने पहले सी और डी कैटेगरी की प्राइवेट नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की बात कही थी। फिलहाल, आरक्षण के उस फैसले पर रोक लगा दी गयी है। कैबिनेट ने फैसला स्थगित कर दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्राइवेट सेक्टर में कन्नड़ लोगों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया था। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने कहा, हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। सरकार के इस फैसले का चौतरफा विरोध होने पर इस पर रोक लगा दी गयी। सरकार का कहना है कि इस बिल पर वह पुनर्विचार करेगी। देश में यह पहला ऐसा मामला नहीं है।

कर्नाटक से पहले प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने के लिए आंध्र प्रदेश और हरियाणा में कोशिश की गयी थी। वहीं, मध्य प्रदेश में भी सरकार ने ऐसा ही कहा था, लेकिन यह कोशिश रंग नहीं ला पायी थी। 2019 में आंध्र प्रदेश में पहली बार ऐसा कोई कानून बना था, जहां 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण देने की बात कही गयी थी। पर हाइकोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। फिलहाल, ये मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

महाराष्ट्र में 2019 में शिवसेना-कांग्रेस और एनसीपी के गठबंधन की सरकार बनने के बाद प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 80 प्रतिशत नौकरियां देने का प्रस्ताव लाया गया था। सरकार सरकार इसे विधानसभा में भी लाना चाहती थी, लेकिन इसे लाया नहीं गया। कर्नाटक में कई बार प्राइवेट जॉब में कन्नड़ों के लिए आरक्षण तय करने की कोशिश हो चुकी है। सिद्धारमैया सरकार में ये तीसरी बार है, जब ऐसी कोशिश हो रही है। इससे पहले 2014 और 2017 में भी सरकार कोशिश कर चुकी है। वहीं अक्टूबर 2020 में येदियुरप्पा की अगुवाई में बीजेपी सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में ग्रुप सी और डी में 75 प्रतिशत आरक्षण स्थानीयों को देने का ऐलान किया था, हालांकि ये लागू नहीं हो सका था। हरियाणा में 2020 में तब की मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कानून पास किया था। हाइकोर्ट ने पिछले साल नवंबर में इस कानून को रद्द कर दिया। झारखंड में दिसंबर 2023 में हेमंत सोरेन की सरकार ने सरकारी नौकरियों की ग्रुप तीन और चार में स्थानीयों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने के मकसद से बिल पास किया था। ये बिल विधानसभा में पास हो गया था, लेकिन गवर्नर ने इसे लौटा दिया था।

आज के हालात का निष्कर्ष ये है कि प्रत्येक दल आरक्षण की सीढ़ी से सत्ता में पंहुचने के प्रयास में लगा है। उसे उससे वास्ता नहीं कि आरक्षण की जद में आने वाली प्रतिभाएं इसे लेकर क्या सोचती हैं? 2012 में केंद्र सरकार प्रमोशन में आरक्षण का बिल ला चुकी है। संसद में बिल रखे जाने के दौरान एक सांसद द्वारा मंत्री से छीन कर बिल की प्रति फाड़ दिये जाने के कारण ये अटक गया। नहीं तो प्रमोशन में भी आरक्षण लागू हो चुका होता। अब क्रीमी लेयर तय करने के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के आदेश को वे ही ठेंगा दिखाने को तैयार हैं, जो अब तक इससे लाभ लेते रहे हैं। आरक्षण का लाभ उठा चुके उच्च स्थिति में पंहुचने वाले ही विकास की धारा से वंचित अपनी जाति वालों के लिए आरक्षण का लाभ छोड़ने को तैयार नही हैं।

आज हालत यह है कि सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ आदेश करे या कोई अन्य मांग हो, आरक्षण को कम करने को कोई राजनीतिक दल छोड़ने को तैयार नहीं। कोई इसके खत्म करने की बात नहीं कर रहा, सब बढ़ाने की बात कर रहे हैं। आरक्षण के दायरे से बाहर की जाति और उसे युवा ये सब देख रहे हैं। अभी हाल में यूपीएससी में लेटरल एंट्री को लेकर हुए बवाल ने बाद सरकार को 45 पदों पर लेटरल एंट्री का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। विपक्ष का कहना था कि सरकार आरक्षण खत्म करने की कोशिश कर रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है, सरकार अपनी छवि बचाने को बार-बार पीछे हटती जा रही है। ऐसे में आरक्षण से बाहर रह रही युवा पीढ़ी के भविष्य की किसी को चिंता नहीं। आरक्षण समर्थक कोई नेता और राजनीतिक दल ये नही सोच रहा कि ये आरक्षण से बाहर रहे युवा उनके बारे में क्या विचार और सोच बना रहे हैं?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# मोदी ने एक सौ दिन के एजेंडे की समीक्षा की

## मंत्रियों को केंद्र की योजनाएं जनता तक पहुंचाने की नसीहत दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और इंफॉर्म का मंत्र दिया। करीब 40 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री ने मंत्रियों और सचिवों को सरकार की उपलब्धियों को बेहतर ढंग से जनता तक पहुंचाने पर ध्यान देने की नसीहत दी।

पीएम मोदी ने मंत्रिपरिषद के अपने सहयोगियों के साथ बैठकर महिलाओं और गरीबों को प्रभावित करने वाले मुद्दों और विभिन्न नीतिगत उपायों के समय पर कार्यान्वयन पर चर्चा की। सुषमा स्वराज भवन में पांच घंटे तक चली मैराथन बैठक में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले एक सौ दिन के एजेंडे की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान चार वर्गों, महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों के लिए उपायों पर जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न सरकारी विभागों के सचिव भी शामिल रहे। जून में सरकार के सत्ता संभालने के बाद से शुरू की गयी नयी योजनाओं और नीतिगत निर्णयों के बारे में जागरूकता फैलाने पर खासतौर पर जोर दिया गया।

**मंत्रियों से बोले, यह तो छोटी सी डोज थी:** पीएम मोदी ने बैठक में पहली बार मंत्री बने मंत्रियों से खासतौर पर बातचीत की। बैठक के समापन पर उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में मंत्रियों से यह भी कहा कि यह तो सिर्फ एक छोटी सी डोज थी। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्हें पूरी उम्मीद है कि मंत्रियों को बिना रुके काम करने के तौर-तरीकों की आदत हो जायेगी।

**10 साल पूरा करने वाली योजनाओं का मनेगा जश्न:** सूत्रों के मुताबिक, बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री की ओर से संसद में की गयी बजट घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में तय किया गया कि जिन योजनाओं के 10 साल पूरे हो रहे हैं, उनका जश्न पांच सितंबर को मनाया जायेगा।

### भारत आज दुनिया से बराबरी के स्तर पर करता है संवाद: प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत गरिमा के साथ बराबरी के स्तर पर दुनिया के साथ संवाद करता है। भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने उन्हें बताया कि कैसे विश्व स्तर पर देश की धारणा बदल रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक आइएफएस के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने लोक कल्याण मार्ग पर पीएम मोदी से मुलाकात की। इस बैच में 15 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 36 आइएफएस अधिकारी प्रशिक्षण ले रहे हैं।**

# शरद पवार ने जेड प्लस सुरक्षा लेने से किया इनकार

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एससीपी के प्रमुख शरद पवार ने गृह मंत्रालय द्वारा दी गयी जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया। गृह मंत्रालय ने कुछ दिन पहले उन्हें जेड प्लस सुरक्षा देने का फैसला लिया था, जिसमें सीआरपीएफ के 58 कमांडो उनकी सुरक्षा में तैनात किये जाने थे। जानकारी सामने आ रही है कि उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सुझाये गये कुछ उपायों को मानने से इनकार कर दिया है। केंद्र ने केंद्रीय एजेंसियों द्वारा खतरे के आकलन की समीक्षा के बाद उन्हें सीआरपीएफ की वीआइपी सुरक्षा शाखा की जेड प्लस सुरक्षा दी थी। हालांकि पवार का कहना है कि उन्हें यह नहीं पता कि उनकी सुरक्षा क्यों बढ़ायी जा रही है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में यात्रा करने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले वाहन को बदलने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

# असम विस में दो घंटे का जुमा ब्रेक खत्म

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुवाहाटी।** असम की हिमंता बिस्वा सरमा सरकार ने राज्य विधानसभा के कर्मचारियों को दो घंटे के लिए दिये जाने वाले जुमा ब्रेक को खत्म करने का फैसला किया है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने खुद सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इस फैसले की जानकारी दी। असम के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि दो घंटे के जुमा ब्रेक को खत्म कर असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ की एक और निशानी को हटा दिया है। इस प्रथा को मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला ने 1937 में शुरू किया था। इस ऐतिहासिक फैसले के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों का आभार।

**यह फैसला मील का पत्थर:** जुमा ब्रेक खत्म करने के सरकार के फैसले पर असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने ट्वीट कर लिखा कि असम में सच्ची धर्मनिरपेक्षता को फिर से हासिल करने के लिए यह फैसला एक मील का पत्थर है। असम विधानसभा ने आज हर शुक्रवार को जुम्मा की नमाज के लिए दो घंटे के ब्रेक की प्रथा को समाप्त कर दिया है। यह प्रथा औपनिवेशिक असम में सादुल्ला की मुस्लिम लीग सरकार द्वारा शुरू की गयी थी।



गौरतलब है कि लोकसभा, राज्यसभा और अन्य राज्यों की विधानसभाओं में नमाज पढ़ने के लिए ब्रेक देने का प्रावधान नहीं है। इसलिए असम विधानसभा के अध्यक्ष ने भी इस ब्रिटिश कालीन नियम को समाप्त करने का फैसला किया है। सोमवार से गुरुवार तक असम विधानसभा का समय सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होता है और शुक्रवार को यह सुबह नौ बजे से शुरू होता है, ताकि नमाज के लिए दो घंटे का ब्रेक दिया जा सके। ऐसे में अब हर रोज विधानसभा की कार्यवाही सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होगी।

# बचाये गये बंधुआ मजदूरों को वित्तीय सहायता देने का लायेंगे प्रस्ताव : मानवाधिकार आयोग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बचाये गये बंधुआ मजदूरों को तुरंत वित्तीय सहायता देने के मुद्दे को हल करने के लिए एक प्रस्ताव लेकर आयेगा। न्यायमूर्ति बीआर गवइ और केवी विश्वनाथन की पीठ बंधुआ मजदूरों के रूप में तस्करी किये गये लोगों के मौलिक अधिकारों को लागू करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मामले में बहस के दौरान उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता देने का मुद्दा उठा। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का ने कहा कि ऐसे 10 प्रतिशत मजदूरों को भी वित्तीय सहायता या मुआवजा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता संगठन ने लगभग 11 हजार बच्चों को बचाया है, लेकिन उनमें से केवल 719 को ही वित्तीय सहायता दी गयी है। वहीं एनएचआरसी की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह हितधारकों के साथ बैठकर इस मुद्दे पर चर्चा कर सकती हैं। पीठ ने एनएचआरसी के वकील से कहा कि वे याचिकाकर्ताओं और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत कर तौर-तरीकों को अंतिम रूप दें। वहीं एनएचआरसी के वकील ने कहा कि वह सभी हितधारकों के साथ चर्चा करेंगी और एक ठोस प्रस्ताव लेकर आयेंगे, ताकि बचाये गये बंधुआ मजदूरों को तत्काल वित्तीय सहायता देने के मुद्दे को सुलझाया जा सके।

# टीएमसी सुप्रीमो की 'अराजकता की राजनीति' हुई उजागर: पेमा खांडू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**शिलांग।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए जमकर आलोचना की है। दरअसल 28 अगस्त को कोलकाता में तृणमूल छात्र शाखा की रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा था कि अगर बंगाल जला, तो असम, उत्तरपूर्व, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओड़िशा और दिल्ली भी प्रभावित होंगे। इस पर पलटवार करते हुए सीएम पेमा खांडू ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी सुप्रीमो की टिप्पणी ने उनकी 'अराजकता की राजनीति' को उजागर कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पूर्वोत्तर क्षेत्र पर की गयी हालिया टिप्पणी गैर-जिम्मेदाराना थी और देश की एकता की भावना के खिलाफ थी। बता दें कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की ये टिप्पणी कोलकाता में एक पोस्टग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद आयी थी।

### ममता बनर्जी की टिप्पणी उनकी हताशा को दर्शाती है

**वहीं इस मामले में सीएम पेमा खांडू ने एक्स पर किये गये अपने पोस्ट में लिखा, पश्चिम बंगाल की सीएम की तरफ से पूर्वोत्तर पर की गयी अप्रिय टिप्पणी बेहद गैर-जिम्मेदाराना है और उनकी हताशा को दर्शाती है। यह उनकी अराजकता की राजनीति को उजागर करती है और हमारे देश में एकता की भावना के खिलाफ है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोग शांतिप्रिय हैं और उन लोगों की कड़ी निंदा करते हैं, जो शत्रुता और विभाजन को बढ़ावा देते हैं। सीएम खांडू ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर लिखा, अब समय आ गया है कि विभाजनकारी बयानबाजी से आगे बढ़कर एक मजबूत, अधिक सामंजस्यपूर्ण राष्ट्र के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाये।**

# 15 दिन से बेटा बन कर मझिआंव के गांव में रह रहा बिहार का शातिर शमशेर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के तलसबरिया पंचायत अंतर्गत सेमरहत सहरसाताल गांव में खोया हुआ पुत्र बताकर सत्तार अंसारी के घर में पिछले 15 दिनों से रह रहा शमशेर खान उर्फ राजा खान बिहार का शातिर अपराधी निकला। जिसे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार द्वारा मझिआंव थाना में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा गया कि 15 दिन पहले बिसुनपुरा प्रखंड के पतिहारी पंचायत के पूर्व मुखिया मुन्ना अंसारी द्वारा ग्रुप में एक मैसेज दिया गया कि एक व्यक्ति जो अपना घर भूल गया है और पंद्रह सोलह साल पहले घर से बिछड़ गया था, और अपने भाई का नाम असलम बता रहा है। इस सूचना के आधार पर सहरसाताल के सत्तार अंसारी आये और उसे



अपना बेटा मानकर घर ले गये। और परिवार और रिश्तेदारों से मिलवाया कि मेरा खोया हुआ बेटा आ गया है। इस दौरान इस लड़के को अपना पुत्र बताने वाले कई लोग गढ़वा, मेराल और डंडई से आये और अपना-अपना खोया हुआ पुत्र बताने लगे। डीएसपी ने कहा कि इसी दौरान वह सत्तार अंसारी के घर वालों को अपने विश्वास में लेता रहा तथा उनकी लड़की से छेड़खानी कर उसका विडिओ भी बनाता रहा, जब घर वालों को शक हुआ, तो वे उसे थाना लेकर आये। जब उससे पूछा गया, तो वह बार-बार अपना नाम बदलने लगा। इसके बाद उसके मोबाइल चैट को देखा गया और सख्ती से पूछताछ की गयी, तो उसने बताना शुरु किया कि उसका नाम शमशेर खान उर्फ राजा खान, उर्फ एहसान खान (पिता फहीम खान, ग्राम मिलकी, थाना पीरो, जिला भोजपुर, बिहार) बताया।

**प्राथमिकी दर्ज कर भेजा गया जेल :** डीएसपी ने कहा कि अभियुक्त शमशेर खान को मंझिआंव थाना कांड संख्या 84/2024 दिनांक 30, 08, 2024, धारा 319 (2)/318 (4)/356(2)/74/75/77/33 2 (उ)/327(4)/317(5)/212 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जेल भेज दिया गया। वहीं प्रेस वार्ता में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई नसीम अंसारी और एएस आई आलोक कुमार शामिल थे।

### वह एक शातिर अपराधी है : डीएसपी

डीएसपी ने कहा कि आगे उसने कहा कि वह बोकारो, गया, भोजपुर, केरल के एर्नाकुलम, रांची, डाल्टनगंज और केरल में कई कांडों में जेल जा चुका है तथा लापता व्यक्ति के नाम पर बेटा बनकर पूर्व में भी टाटा और उड़ीसा में घटना को अंजाम दे चुका है। डीएसपी ने कहा कि वह एक शातिर अपराधी है। उन्होंने कहा कि उक्त अपराधी का बड़ा भाई बिहार के समस्तीपुर में पुलिस सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है, लेकिन उसके घर वालों द्वारा उसे कानूनी तौर पर घर से बेदखल कर दिया गया है। डीएसपी ने कहा कि पुलिस उसके अन्य अपराधों के बारे में भी बायोडाटा जुटा रही है कि कहीं उसका संबंध किसी अन्य संगठन से हो सकता है। उसके पास से कानपुर से चोरी किया गया मोबाईल भी बरामद किया गया है।

# मंत्री ने सीएम से भुईहर मुंडा/भुईहर जाति को राज्य की अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राज्य के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर भुईहर मुंडा/भुईहर जाति को झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने की मांग की है। इस संबंध में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री से मिलकर मामले से अवगत कराया तथा उन्हें पत्र भी सौंपा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि झारखंड राज्य के सभी जिलों में भुईंहर समाज की जाति निवास करती है। उन्होंने बताया कि भुईंहर समाज के लोग काफी समय से झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित होने हेतु प्रयासरत हैं, परंतु अभी तक भुईहर जाति झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित नहीं हो पायी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को आश्वस्त किया है कि वे इस मामले में व्यक्तिगत रूची लेकर भुईहर मुंडा/भुईहर जाति को झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने की दिशा में साकारात्मक पहल करेंगे।

# कांडी अंचल कार्यालय के उच्चवर्गीय लिपिक निलंबित

**सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के मुआवजा भुगतान का अभिलेख उपस्थापन में विलंब करने का है आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने आज जिले के कांडी अंचल कार्यालय के उच्चवर्गीय लिपिक रामाशीष पासवान को निलंबित कर दिया है। बताया गया है कि सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के मुआवजा भुगतान हेतु अभिलेख भूमि सुधार उप समाहर्ता, गढ़वा के माध्यम से अपर समाहर्ता, गढ़वा को विलंब से उपस्थापित किया गया, जिसके कारण मृतक के परिजन को मिलने वाली अनुग्रह राशि का भुगतान ससमय नहीं हो सका और माननीय न्यायालय में ससमय प्रति शपथ पत्र दायर नहीं किया जा सका।

इस मामले में स्पष्ट किया गया है कि श्री पासवान द्वारा जान-बुझकर लाभुक को मुआवजा राशि का भुगतान करने में अनावश्यक रूप से परेशान किया गया, जो उनकी लापरवाही और गलत मंशा का परिचायक है। श्री पासवान का उक्त कृत्य झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली के प्रतिकूल आचरण को प्रदर्शित करता है। श्री पासवान को निलंबित किये जाने के साथ-साथ उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालन का भी निर्णय लिया गया है। वहीं निलंबन अवधि में श्री रामाशीष पासवान का मुख्यालय अंचल कार्यालय, केतार निर्धारित किया गया है, जहां वे अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर ही इन्हें झारखंड सरकारी सेवक नियमावली में उल्लेखित प्रावधानों के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान अंचल कार्यालय, कांडी से होगा।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**अज्ञात महिला का शव उम्र करीब–60 वर्ष, ऊँचाई–5 फिट, रंग–सॉवली,**

उपरोक्त अज्ञात महिला का शव उम्र करीब–60 वर्ष का अरगोड़ा थाना क्षेत्र अरगोडा स्थिति रेलवे लाईन पोल नं0 419/33 से बरामद किया गया हैं। जिसके संबंध अरगोडा थाना यु0डी0 सं0–09/2024, दिनांक–09.08.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात महिला के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रॉंची। –9431770077
थाना प्रभारी अरगोडा, रॉंची। –9431706170

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 334216 Police(24-25).D


पूर्व मंत्री केसरी ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से कहा

# एडमिन फंड की राशि की फर्जी तरीके से निकासी की शिकायत



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से रांची में मिलकर गढ़वा जिले के सगमा प्रखंड के बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा एडमिन फंड की राशि का फर्जी तरीके से निकासी करने की लिखित शिकायत किया है। श्री केशरी ने इस मामले की जांच केंद्रीय टीम से कराने का अनुरोध किया है। श्री केशरी ने बताया कि उनके अनुरोध पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ससमय जांच की अनुशंसा करके अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मौके पर भाजपा के सूरज कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

# सड़क पर गिरे विद्युत तार से अधौरा के व्यास और सामाजिक कार्यकर्ता रमेश शर्मा की मौत

- पुत्र ने बिजली विभाग तथा दो अन्य नामजद पर प्राथमिक के लिए थाना में दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



फाइल फोटो : रमेश शर्मा

**मेराल।** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी रमेश शर्मा 48 वर्ष की मौत विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर मेराल थाना पुलिस शुक्रवार की सुबह शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। इसे लेकर मृतक के पुत्र गोलू शर्मा ने मेराल थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि जगदीश मेहता के द्वारा अपने कुआं पर बिजली का नंगा तार ले जाया गया था। जीर्ण शीर्ण अवस्था में लटके तार को दुरुस्त करने के लिए परिजनों द्वारा पहले ही बोला गया था, जिसे ठीक नहीं कराया गया और शाम के अंधेरे में टूट कर नीचे गिरा विद्युत प्रवाहित तार की चपेट आने से रमेश शर्मा की मौत हो गयी। उसने कहा है कि जगदीश मेहता और बिजली विभाग के लापरवाही के कारण ही मेरे पिता का मौत हुआ है। गोलू के अनुसार बिजली तार के संपर्क में आने से गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें संगवरिया गांव स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जगदीश मेहता और उनका बेटा आनंद मेहता फरार हो गये हैं। आवेदन में जगदीश मेहता और बिजली विभाग पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया गया है। बता दें कि रमेश शर्मा अपने क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रचलित थे, वह सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यास के रूप में भी जाने जाते थे।

## भाजपा कांडी मंडल कार्यसमिति की बैठक

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लक्ष्मी चंद्रवंशी कन्या उच्च विद्यालय में भाजपा कांडी मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी थे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने की। भाजपा का सभी बूथों पर वोट प्रतिशत कैसे बढ़ाया जा सकता है, जिस पर सभी पंचायत अध्यक्षों ने बारी-बारी से अपनी राय बताया। बैठक में मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, मोतीलाल यादव, शंभू नाथ चौधरी, ब्रज किशोर, लालदीपक , लल्लू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शहीद नीलांबर-पीतांबर के वंशज देवनाथ का निधन



फाइल फोटो : देवनाथ सिंह खरवार।

**रंका (आजाद सिपाही)।** 1857 आंदोलन युद्ध के नायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद नीलांबर पीतांबर के छठे पिढ़ी के वंशज देवनाथ सिंह खरवार का (28 अगस्त 2024 को) का निधन हो गया। इनके निधन पर झामुमो युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिवारजनों को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने की कामना की है। इनका निधन भंडरिया थाना क्षेत्र के चेमो सान्या गृह गांव में हुई।

## आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार का एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार को कांडी पंचायत में आयोजन किया गया। कांडी प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय, बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय, प्रखंड बीस सूत्री क्रियांवयन समिति अध्यक्ष विकास उपाध्याय व जिप सदस्य सुषमा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पंचायत वासियों के विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित उक्त जनता दरबार में अबुआ आवास हेतु 930 आवेदन, मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना हेतु 55, विभिन्न पेंशन हेतु 30, राशन हेतु 49, स्वास्थ्य से संबंधित 50, राजस्व में 5, पेयजल और स्वच्छता 5, मनरेगा जॉब कार्ड 15, पशुपालन 38, कल्याण विभाग में 2 और कृषि से संबंधित 5 यानी कुल 1183 आवेदन प्राप्त हुए।

## 12 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** परियोजना बालिक हाई स्कूल के सफल संचालन हेतु शुक्रवार को 12 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। एसएमसी का पुनर्गठन बीआरसी कार्यालय से नियुक्त पर्यवेक्षक प्रभात कुमार मिश्रा व सुनील कुमार लाल की उपस्थिति में किया गया। जिसमें प्रतिमा कुमारी को एसएमसी का अध्यक्ष जबकि उपाध्यक्ष के रूप में मुस्ताक अली का चयन किया गया। वहीं सदस्य के रूप में सरिता देवी, दौलत देवी, अखिलेश राउत, नुरेशा बीबी, अगस्त कुमार, सरस्वती देवी, विनीता देवी, ललिता देवी, बिंदा देवी तथा मीना देवी का चयन किया गया। इस मौके पर मौके पर एचएम सत्य प्रकाश प्रसाद यादव (सचिव ) मनोरमा टोप्पो, अजय कुमार वर्मा, चंद्रधन राम, कृष्ण कुमार रावत, विनोद प्रसाद यादव, अंजू कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्राएं मौजूद थे।

## बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में अवैध बालू के विरुद्ध चलायी सघन छापामारी अभियान में पुलिस ने गनियारी कला से एक अवैध बालू लोड महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गयी है। इस बाबत थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार धुरकी पुलिस लगातार अवैध बालू के विरुद्ध छापामारी कर रही है । इसी क्रम में गनियारी कला से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़ा गया है, जिस संबंध में जिला खनन विभाग को पत्राचार कर, सहायक खनन पदाधिकारी, गढ़वा श्री नंद देव बैठा के शिकायत के आधार पर जब्त ट्रैक्टर के मालिक एवम चालक के विरुद्ध कांड अंकित किया गया है।

## भाजपा युवा नेता ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**कांडी (आजाद सिपाही)।** भाजपा युवा नेता और भारत सरकार के सलाहकार रामाशीष यादव ने शुक्रवार को बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गावों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। सर्वप्रथम उन्होंने बेलहथ में जनसंपर्क किया। यहां बेलहथ देवी मंदिर में माथा टेक कर जनसंपर्क की शुरूआत की। मंदिर से निकल कर उन्होंने जनसभा को सम्बोधित किया। तत्पश्चात सोनपुरा, बरवाडीह, नारायन पुर, बनकट शिव स्थान, खरौंधा, जयनगरा, मोखापी, रानाडीह, सुंडीपुर आदि इलाकों में भ्रमण कर लोगों के साथ संबंध बनाते हुए संवाद स्थापित किया। ग्रामीणों ने भी उन्हें जबरदस्त समर्थन देते हुए उनपर स्नेह लुटाया। जनसम्पर्क के दौरान आयोजित अनेक सभाओं में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए रामाशीश यादव ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को यहीं के कुछ लोगों ने लूटा है। हमारे पूर्वजों ने यहां के जल, जंगल, जमीन को संरक्षित किया। परंतु लुटेरों ने धरती माता के सीने को चीर कर यहां के खनिजों को लूट लिया। हमारे द्वारा संरक्षित किये गये सोना रूपी बालू को महंगे दामों पर बेचा गया परंतु स्थानीय लोगों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा। उन्होंने भविष्य में बिश्रामपुर को सरकारी शिक्षा का हब बनाने हेतु तैयार की गयी परियोजनाओं को लोगों के सामने प्रदर्शित किया।

# बच्चों को शिक्षित करना जरूरी: गिरिनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** परिवर्तन सह जनसम्पर्क यात्रा मेराल प्रखंड पहुंचा। अपने सबोधन की शुरूआत श्री सिंह ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि लोग उन्हें कितना मान सम्मान दे रहे हैं, जिन्हें देख कर उन्हें बहुत खुशी मिलती है। आगे उन्होंने ने कहा, चुनाव आने वाला है, लेकिन मैं वोट मांगने नहीं आया हूं, यहां बीते 15 सालों में लोगों को किस चीज की जरुरत है, उसे समझते हुए उनकी समस्याओं को दूर करने की कोशिश करने आया हूं। उन्होंने कहा कि अब तक वे लगभग 400 गांव घुम चुके है और उनके लिए लोगों का प्यार अब तक बरकरार है, जिसके लिए वो बहुत शुक्रगुजार है। खाद्य संसाधनों की बात करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा है कि बालू अब बारूद हो गया है 500 का बालू अब 5000 में बिक रहा। जमीन का रसीद कटना बंद हो गया है, जिसे मैं चालू करवाने का काम करूंगा। आगे सिंह ने बेरोजगारी की बात पर कहा कि राज्य में किसी भी युवा को नौकरी नहीं मिली है। बीडीओ पर निशाना साधते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि सब झूठा वादा करते हैं लोगों को ठगने का काम करते हैं। आगे उन्होंने ने कहा कि पूरे विधानसभा में अबुआ आवास के लिए 30000 रुपया मांगा जा रहा और हर जाती के लोगों को ठगने का काम चल रहा, सभी को ठगा जा रहा है। अंत में पूर्व मंत्री ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करना जरुरी है। जब तक बच्चे शिक्षित नहीं होंगे, तो राज्य विकास नहीं करेगा। असली और नकली की पहचान आपको खुद करना है। शुक्रवार को परिवर्तन यात्रा मेराल प्रखंड के पंचायत ओकहरगाड़ा पूर्वी के गांव पचफेड़ी, टीकुलडीहा, दलेली, चटनीया, परसही, बसरीया का दौरा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सुरेश गुप्ता, अवध किशोर सिंह, शिव चौधरी, राजकुमार उरांव, मंजू देवी, बुधनी देवी, शिवनाथ विश्वकर्मा, अरविंद पासवान सहित सैकड़ों में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार**

**अतिअल्पकालिन निविदा आंमत्रण सूचना सं0 09/2024–25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत सफाई कार्य एवं कुड़ा उठाव कार्य को ध्यान में रखते हुए Electric Three Wheeler Twin Bin Auto Vehicle का क्रय नगर पंचायत लातेहार द्वारा की जानी है। उपरोक्त आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता/उत्पादक/निर्माणकर्ता से दिनांक 06.09.2024 के अपराहन 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना निविदा नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदादाता से प्राप्त निविदा को उसी दिन अपराहन 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदादाता को आपूर्ति की जाने वाली संयंत्रों का Presentation निविदा समिति के समक्ष दिनांक 06.09.2024 को अपराहन 3.30 बजे देना अनिवार्य होगा, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवता अच्छी होने के उपरान्त ही संयंत्रों की आपूर्ति ली जायेगी। विवरण निम्नवत है:–

| S.L. NO | DESCRIPTION | Quantity | Tender Fees | Earnest Money | Rate with all Taxes |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **Electric Three Wheeler Twin Bin Auto Vehicle with Registration and all Complete Charging System (For Garbage Collection)** **SPECIFICATION:-** Speed Max. -50 km/h, Category of Vehicle - L5N Max Engine Power- 16hp@2920 RPM, Max Engine Torque- 50, Battery Type, Volt - Li Ion, 48V Ilion P 48V Wheel Base(mm)- 2200, Vehicle Dimensions (LXBXH) mm- 3425X1460X1755,Cargo Dimensions(LXBXH)mm - 1828X1397X278,Gross Vehicle Weight - 998 kg, Kerb Weight-492 kg, Battery Capacity- 10.24 kwh(200AH), Charging Time- 4 Hrs, Size of Front and Rear Tyre-4.5-10.8 PR, Pay Load- 506, Type of Steering- Handle Bar,Chassis Certification- ARAI, Type of Tipper- Garbage Tipper, Type of Chassis Frame - Ladder Type frame with Independent Suspension, Type of Chassis- Ladder Type, Type of Fuel- Electric Power Pack, Motor/ Engine- 3phase induction Ground Clearance-180 mm, Type of BIS MARKED vehicle tyre- Tube Radial, Chassis Transmissions System- Direct Driveability, Suspension Rear- Rubber spring & Hydraulic, Tipper Container Capacity-1.5 cum, Warranty Time - 3 year/80000 kms, | 10 Pcs | 5000.00 | 296000.00 | |

**नियम एवं शर्त**

1. निविदादाता को निविदा के साथ अध्यतन आयकर प्रमाण पत्र (विगत तीन वर्ष का आयकर एकनॉलेजमेन्ट एवं पैन कार्ड), फर्म का ऑडीट रिर्पोट (विगत तीन वर्ष का UDIN No के साथ), Turnover प्रमाण पत्र (विगत तीन वर्ष का UDIN No के साथ) अध्यतन GST से संबंधित रजिस्ट्रेशन (3B Return) का प्रमाण पत्र वर्तमान में सरकार द्वारा जो लागू हो जमा करना अनिवार्य होगा, विगत 02 वर्षों का कार्यादेश की प्रति, ISO-9001 का प्रमाण पत्र, प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले संयंत्रों के दो वर्ष तक रख–रखाव (Warranty and Service Support) का प्रमाण पत्र, फर्म का झारखण्ड में निबंधित कार्यालय होने का प्रमाण पत्र, PLI प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग, फर्म का OEM Annual Turnover (300 Crore से अधीक होना अनिवार्य है) का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को फर्म के काली सूची में नहीं होने का शपथ पत्र निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जिसकी मूल प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को निविदा के साथ निविदा शुल्क की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफ्ट जो Executive Officer, Nagar Panchayat, Latehar (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार) के पदनाम से देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ अग्रधन की राशि का Bank Guarantee जो Executive Officer, Nagar Panchayat, Latehar (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार) के पदनाम से देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार सभी कर (Tax) की कटौती की जायेगी। निविदादाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्यूनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर उपरोक्त संयंत्रों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा।
6. निविदादाता को उपरोक्त निर्धारित मापदण्डों के अनुसार संयंत्रों की आपूर्ति नहीं किये जाने पर आपूर्तिकर्ता को काली सूची में डालते हुए नियमानुसार कारवाई की जायेगी।
7. बिना कारण बताये उपरोक्त निविदा को पूर्णरूपेण या आंशिक रूप से रद्द करने या स्थगित करने का अधिकार प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार को सुरक्षित रहेगा। जिन्हे कही भी चुनौती नहीं दी जायेगी।
8. निविदादाता द्वारा उपरोक्त आपूर्ति किये जाने वाले संयत्रों में " जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट" का LOGO लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही किसी भी प्रकार की न्यायिक प्रक्रिया लातेहार न्यायालय में विचारणीय होगा एवं सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 334220 Urban Development (24-25)_D

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 30 अगस्त 2024 को लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को लातेहार प्रखंड के परसही पंचायत में उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह एंव जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सरकार सभी सुयोग्य लाभुकों को योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए पंचायत स्तर पर 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। जिले के सभी पंचायतों में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को अच्छादित करने का कार्य किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि पंचायत स्तरीय शिविर के माध्यम से ऑन द स्पॉट शिकायतों का निष्पादन व योजनाओं के लाभ लेने में हो रही देरी को निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा। साथ हीं उपायुक्त ने ग्रामीणों के आवेदन पर अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

इस दौरान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को देते हुए सभी से आग्रह करते हुए कहा कि अपने नजदीकी पंचायत स्तरीय शिविर में उपस्थित होकर सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं ले साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करें।

# पीडीजे की बैठक में 16 पीड़ितों को मुआवजा आवंटित करने का निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय के अध्यक्षता में पीडीजे कार्यालय कक्ष में विभिन्न विषयों को लेकर जिला स्तरीय बैठक हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा, प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, जेएम प्रथम जया स्मिता कुजूर, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर, डीएस सदर अस्पताल शंभूनाथ चौधरी, मंडल कारा के जेलर सुबोध कुमार, सीडब्ल्यूसी सदस्य, भवन निर्माण विभाग के एक्सियूटिव इंजीनियर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति, विक्टिम कंपनसेशन कमेटी तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गये दिशा निर्देशों के आलोक में मीटिंग को आहुत किया गया था। इस बैठक में पोक्सो केस सहित अन्य केस में गवाहों को खासकर डॉक्टर एवं अनुसंधानकर्ता की अविलंब उपस्थिति को लेकर चर्चा की गयी। पीड़ित प्रतिकर के रूप में 17 पीड़ितों में 16 पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर कमेटी के द्वारा 38 लाख 50 हजार रुपए का मुआवजा आवंटित करने का निर्णय लिया गया। वहीं एक केश को पेंडिंग में रखा गया। वहीं झालसा द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी।

# सुभाष प्रमाणिक पर गोली चलाने के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर सरायकेला पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को आदित्यपुर पुलिस ने बीते दिनों सालडीह बस्ती में सुभाष प्रमाणिक पर गोली चलने के मामले का खुलासा कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने घटना में शामिल पांच आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजू कुम्हार उर्फ टकला, रवि नायक, शंभू महतो, शुभम महंती उर्फ आलोक, दीपांकर भुईया शामिल हैं। घटना की जानकारी देते हुए एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया रवि के साथ सुभाष प्रमाणिक की भतीजी का प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके लिए सुभाष प्रमाणिक ने कई बार रवि को डराया धमकाया भी था। जिसके बाद रवि व उनके साथियों ने सुभाष को हटाने के लिए सोची समझी साजिश रच कर हत्या करने की योजना बनायी थी। उन्होंने घटना को अंजाम देने के बाद से ही फरार चल रहे थे। सरायकेला पुलिस तकनीकी सहायता से सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 7.76 एमएम का दो देसी पिस्तौल, दो देसी कट्टा,चार जिंदा गली,एक खाली मैगजीन बरामद किया गया। छापामादी दल में सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह, नीमड़ीह थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी, जय राजकुमार सोनी, निरंजन कुमार, राज कुमार सिंह, सुरेश राम, रविकांत प्रसार सहित अन्य शामिल रहे।



## डॉक्टर हत्याकांड मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**राजनगर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर पुलिस ने डॉक्टर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने घटना में शामिल 3 अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अपराधियों में चंदन गोप, रोहित सिंह और त्रिदेव गोप शामिल है। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक लोडेड पिस्टल, एक बिना नंबर का बलेनो कार साइट घटना में शामिल अपराधियों के मोबाइल सहित कपड़े बरामद कर लिया। घटना की जानकारी देते हुए एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया डॉक्टर के अपहरण की सूचना मिलते ही सरायकेला व जमशेदपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज कुछ ही घंटे के तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अपराधियों ने बताया 20 लाख की फिरौती मांगने की शर्त रखी गयी थी। उनके पास से घटना में शामिल हथियार सहित एक बोलेरो कार को जब्त कर लिया गया।

# डीसी ने अल्ट्रा सांउड सेंटर का उद्घाटन किया



**अल्ट्रासाउंड सेंटर शुरू होने से मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी : डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा शुक्रवार को सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन सेवा को सदर अस्पताल में चालू कर दिया गया। अब जरूरतमंद, गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। जिसके आधार पर उनका बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। इसके लिए कई स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। अस्पताल में ही बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला परिषद सदस्य एवं संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

# भंडरा के बैंक में काम नहीं होने से आक्रोशित ग्राहक सड़क पर उतरे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** बैंक ऑफ इंडिया भंडरा शाखा में खाता धारकों की भीड़ उमड पड़ी है। खाताधारको की भीड़ के कारण बैंक में रोजाना कुछ ग्राहकों को बगैर काम किए ही वापस लौट जाना पड़ता है। बैंक में रोजाना 5 से 6 हजार ग्राहक पहुंच रहे हैं। बैंक से लेकर बरामदा सीढ़ी एवं नीचे पार्किंग स्थल तक लंबी लाइन लग रहती है। लंबी लाइन और भीड़ के कारण काम नहीं होने से ग्राहक आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गये। खाताधारकों का कहना है कि बैंक में रोजाना भीड़ लग जाने से कई ग्राहकों को कई दिनों तक चक्कर काटना पड़ रहा है। जिसके कारण कई आवश्यक काम प्रभावित होता है। खाता धारकों के सड़क पर उतरने के बाद शाखा प्रबंधक रामनरेश प्रसाद के द्वारा खाताधारकों को समझा बूझकर सड़क से हटाया गया। उन्हें आश्वासन दिया गया कि बैंक में रोजाना तेज गति से कम हो रहा है और सभी लोगों का काम किया जायेगा। इसके बावजूद ग्राहकों के भीड़ देख बहुत से ग्राहक बगैर काम करवाए ही वापस लौट गये। वरीय पदाधिकारी एवं प्रशासनिक निर्देश के बाद बैंक ऑफ इंडिया में बढ़ते भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से रोजाना कूपन बात कर खाताधारियों का काम निपटारा करने का निर्देश प्राप्त हुआ है इसके बाद खाता धारी को टोकन बांट कर काम किया जा रहा है। इस संबंध में बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रामनरेश प्रसाद ने बताया कि सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का घोषणा के बाद बैंक में ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है। रोजाना 5 से 6 हजार लोग तक बैंक में पहुंच रहे हैं। बैंक कक्ष सहित बरामदा एवं सीढ़ी में इतनी भीड़ बढ़ जाती है कि कभी भी किसी तरह की दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक में स्ट्रैंथ के अनुकूल 5 गुना ग्राहकों का काम किया जा रहा है फिर भी खाता धारक असंतुष्ट हैं। इस पर बैंक प्रबंधन कुछ नहीं कर सकता है। बैंक कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए।

# इस बार का विधानसभा चुनाव बहरागोड़ा, चाकुलिया और गुड़ाबांधा की जनता लड़ेगी : कुणाल षाड़ंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बहरागोड़ा।** पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी ने आज बहरागोड़ा में 'कुणाल जनसेवा केंद्र' का उद्घाटन किया। इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभों को प्राप्त करने में हो रही तकनीकी समस्याओं का समाधान करना है। आधार कार्ड में सुधार, आयुष्मान कार्ड न बन पाना, केवाइसी की दिक्कतें और राशन कार्ड में नाम सुधार जैसी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों और बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए यह केंद्र खोला गया है, जहां पर सभी सेवायें निशुल्क उपलब्ध करवायी जायेंगी। कुणाल जनसेवा केंद्र सोमबार से शनिवार प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुला रहेगा और इसका कार्यालय दादू कॉम्प्लेक्स के दूसरे फ्लोर पर स्थित है। इस प्रकार की सेवाएं चाकुलिया एबं गुड़ाबांधा प्रखंड के लिए भी जल्द शुरू की जायेंगी। उद्घाटन समारोह में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दिनेश षड़ंगी ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुणाल षड़ंगी ने पूजा-अर्चना कर कार्यालय की शुरूआत की। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कुणाल षड़ंगी ने कहा, इस बार का चुनाव बहरागोड़ा विधानसभा की जनता लड़ेगी। आने वाले चुनाव में सारे राजनीतिक समीकरण ध्वस्त होंगे और जनता परिवर्तन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील कि वे चुनाव की तैयारी में जुट जायें और बहरागोड़ा विधानसभा के पुनर्निर्माण का संकल्प लें। इस मौके पर वरीय समाजसेवी रविंद्र नाथ दास,तपन ओझा, सुदीप पटनायक, जितवाहन राउत, निर्मल दुबे, आकाश कर, देवरत दित्ता, जगरनाथ नायक, संतनु नायक, सोमू लेका, सुभाशीश करण, बप्पा डे के साथ सैकडों सहयोगी मौजूद थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में छात्र सेवा ही सर्वोपरि: विनय उरांव



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआइ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव का बीएस कॉलेज में भव्य तरीके से स्वागत किया गया। वही बिनय उरांव ने प्राचार्य शिवकुमार प्रसाद गुप्ता, इग्नू विभाग के ऑर्डिनेटर प्रोफेसर शशि कुमार गुप्ता, उपप्राचार्य नईम खान एवं शिक्षक परिवार के साथ-साथ कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर प्राचार्य शिवकुमार प्रसाद गुप्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विनय उरांव को इस बड़े मुकाम पर पहुंचने के लिए पूरे कॉलेज परिवार के साथ लोहरदगा जिला के लिए बेहद ही गर्व की बात है। विनय हमेशा से ही कॉलेज तथा विद्यार्थियों की हित के लिए कार्य करते आया है। प्रो शशि कुमार गुप्ता ने कहा कि एक बेहतर कार्यशाली के साथ अपना कार्य कर आगे बढ़ने का प्रयास का प्रतिफल बिनय को मिला है। प्रो नईम खान ने कहा कि छात्र राजनीति बड़े राजनीति का एक पहला और अहम प्लेटफार्म होता है। वही विनय उरांव ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक परिवार एवं समस्त विद्यार्थियों का तहे दिल से आभार प्रकट हुए कहा कि इस बड़े जिम्मेवारी के पद पर आने के पीछे पूर्ण रूपेण पूरा कॉलेज परिवार और विद्यार्थियों का भरपूर साथ रहा है। मौके पर जिला एनएसयूआइ के उपाध्यक्ष सैफ अहमद, महासचिव हरि भगत, मन्नौवर आलम, सह सचिव आतिश मूंजनी, कॉलेज अध्यक्ष विक्रम पासवान, कॉलेज प्रभारी रोशन राम, विकास राम के साथ-साथ सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पंचायत स्तर पर शुरू हुआ 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार'

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविर शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। मुख्य सचिव, झारखंड सरकार के निर्देश पर सरकार की योजनाओं का लाभ इन शिविरों में दिया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य प्रक्षेत्र के अंतर्गत जिन योजनाओं के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जा रहे हैं। उनमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/ आवासीय/ आय प्रमाण पत्र शामिल हैं। शिविर में जाति प्रमाण-पत्र, साइकिल क्रय हेतु राशि का चेक, धोती/ साड़ी/ लुंगी, राजस्व अभिलेखों में संशोधन से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरण किये जा रहे हैं। लोहरदगा जिला में सभी सात प्रखंडों में से सदर प्रखंड के निंगनी पंचायत, सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत, कैरो प्रखंड के गजनी पंचायत, किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत, भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत, पेशरार प्रखंड के हेसाग पंचायत और कुडू प्रखंड के सलगी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शिविर लगाये गये और विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायत के आवेदन प्राप्त किये गये और परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त नगर परिषद क्षेत्र में नगर भवन में भी यह शिविर संचालित हुआ।

# आइसीएफएआइ बिजनेस स्कूल का वार्षिक ज्ञान साझाकरण आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत के शीर्ष रैंक वाले बिजनेस स्कूल आईबीएस का वार्षिक कार्यक्रम शनिवार को लौहनगरी जमशेदपुर के एक होटल में किया जाएगा। जमशेदपुर आईबीएस मार्केटिंग टीम द्वारा आयोजित वार्षिक फैकल्टी नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम में आइबीएस कोलकाता से प्रो शरबरी साहा और प्रोफेसर देबर्घ्य बागची शामिल होंगे। एफकेएसपी कार्यक्रम में पर्सनल फाइनेंशियल प्लानिंग एंड वर्किंग इन टीम ने द फिश फिलॉसफी विषय पर जानकारी देंगे। जिसमें जमशेदपुर के विभिन्न निजी व सरकारी कॉलेजों सहित विश्वविद्यालयों से लगभग 40 सदस्यों भाग लेंगे।



प्रोफेसर देबर्घ्य बागची।



प्रोफेसर शरबरी साहा।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्थानीय मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज के बैडमिंटन इंडोर कोर्ट में बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र के युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन कर खेल दिवस मनाया गया। मैच के बाद विजेताओं को उपविकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत एवं डॉ गणेश प्रसाद के द्वारा पुरस्कार के साथ प्रशिक्षण केंद्र की जर्सी वितरित की गयी। मैच में सीनियर बालक वर्ग के विजेता राजन कुमार सिंह और उपविजेता संस्कार साहू, जूनियर बालक वर्ग के विजेता राहुल उरांव और उपविजेता रोमिल कुमार तथा बालिका वर्ग के विजेता गुंजन लिलहारी एवं उपविजेता स्वीटी कुमारी हुए। उप विकास आयुक्त ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि खेल में भी करियर बनाया जा सकता है सिर्फ लोगों में इसके प्रति लगन और आत्मविश्वास बनाए रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सचिव मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, अंपायर रंजीत साहू, अरुण राम, दुबराज यादव, काजल कुमारी, राकेश शर्मा, बृजमोहन साहू, टिंकी देवी सहित कई उपस्थित थे।

# फूलों की होली के साथ भागवत कथा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में श्री राधा रमन भगवत प्रचार मंडल के द्वारा आयोजित 23 अगस्त से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का गुरुवार की देर रात फूलों की होली के साथ संपन्न हुआ। वहीं शुक्रवार को सुबह हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन के पूर्व पूरा आयोजन स्थल में बना पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था जहां सैकड़ो की संख्या में मौजूद महिला पुरुष श्रद्धालुओं के बीच वृंदावन के फूलों की होली कथा वाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री के द्वारा खेली गई।फूलों की होली और भक्ति गीतों से रंग में रंगा और कार्यक्रम स्थल में पूरी रात लोग झूमते नाचते नजर आये। जहां पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री के द्वारा एक से बढ़कर एक सनातन धर्म से जुड़े भक्ति गीतों को संगीत के माध्यम से रखने का काम किया गया। जिसे सुनकर मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु अपने पैरों को ठिकाने से नहीं रोक पाये और राधे-राधे करते सुबह तक नाचते, झूमते नजर आये। वही इसके आगमन पर कन्हैया पांडे, विकास कुमार पासवान और उनकी पूरी टीम ने जमकर कर भक्ति गीत में रस का काम किया। कथा समाप्ति के बाद कमेटी के द्वारा कथा वाचक अनुराग कृष्ण शास्त्री को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जीप सदस्य संतोषी शेखर, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, पारस जायसवाल मनोज सिंह चेरो, हरीश कुमार सिंह अमित कुमार सिंह, आयोजन समिति के सदस्य और कई लोग मौजूद थे।

# ओसीएल आयरन एंड स्टील कंपनी ने स्कूल बैग बांटा

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले के ओसीएल आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड रतनपुर के द्वारा सीएसआर के तहत विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बीईईओ सुब्रता महतो,सीनियर जीएम जीडी वाजपेई सहित कंपनी के अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल है। इस अवसर पर डुमरा व बुरूडीह पंचायत से 16 सरकारी विद्यालयों के कक्षा 1 से लेकर 7 तक के लगभग 1250 विद्यार्थी शामिल रहे। अतिथियों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को स्कूली बैग देकर शिक्षा के प्रति जागरूक्ष किया गया।मौके पर सीनियर जीएम जीडी वाजपेई ने कहा ओसीएल कंपनी प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों के विकास के लिए एक प्रयास है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को उत्साहित किया गया। मौके पर कंपनी के पदाधिकारी विजय साहू,एचआर विकास चौधरी, यूनियन महामंत्री तपन मंडल, राजा टुडू,वार्ड सदस्य डुंपा देवी, शिक्षक अजीत गोराई सहित अन्य शामिल रहे।

# खाद-बीज की कालाबाजारी पर किसान मोर्चा ने कार्रवाई की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी के गुमला जिला किसान मोर्चा ने जिला अध्यक्ष भैरव सिंह खेरवार ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर यूरिया, खाद-बीज केंद्रों पर हो रही गंभीर अनियमितताओं और किसानों के साथ हो रहे शोषण की जानकारी दी है। साथ ही, इन अनियमितताओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की गयी है। ज्ञापन में विस्तार से बताया गया है कि यूरिया खाद का सरकारी मूल्य 266.50 रुपये प्रति बैग निर्धारित है, जबकि इसे 450 रुपये प्रति बैग की ऊंची कीमत पर बेचा जा रहा है। इसी प्रकार, डीएपी खाद, जिसका सरकारी मूल्य 1350 रुपये प्रति बैग है, को 1600 रुपये प्रति बैग की कीमत पर खुलेआम बेचा जा रहा है। इस प्रकार की कालाबाजारी से गरीब किसान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे उनके आर्थिक संकट और बढ़ रहे हैं। भाजपा किसान मोर्चा ने डीसी से अपील की है कि वे इस मुद्दे पर तुरंत हस्तक्षेप करें और सुनिश्चित करें कि जिले के सभी किसानों को सरकारी मूल्य पर ही खाद-बीज मिले। भाजपा ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर प्रशासन ने इस पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी को मजबूरन जन आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा। भाजपा ने चेतावनी दी है कि यह आंदोलन जिलेभर में व्यापक रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें पार्टी के साथ-साथ किसान भी शामिल होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा के प्रमुख नेता मौजूद थे, जिनमें किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भैरव सिंह खेरवार, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप प्रसाद, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास कुमार सिंह और अरविंद मिश्रा शामिल थे। सभी ने खाद-बीज की कालाबाजारी के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया।

# आदिम जनजाति बच्चे की मौत पर सवाल, टीम ने किया पोस्टमार्टम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** गुरदरी थाना क्षेत्र के आवासीय विद्यालय सखुआ पानी के आठवीं कक्षा के छात्र की मौत के बाद अब तरह तरह के सवाल उत्पन्न होने लगे हैं। यूं तो बताया गया कि कुजाम नवा टोली निवासी 14 वर्षीय सूरज देव असुर की मौत बाउंड्री वॉल से गिरने के कारण हो गयी है। मगर ग्रामीण इसे संदेहास्पद परिस्थिति में हुई मौत मान रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक सूरत देव सुबह नहाने के बाद विद्यालय का बाउंड्री वॉल में अपना कपड़ा सुखाने के लिए कपड़ा फैला दिया था और 8:30 बजे सभी लोग पढ़ाई के लिए क्लासरूम चले गये। दिन के करीब 12:30 बजे अचानक बारिश होने लगी तो सूरज देव अपना कपड़ा लाने के लिए बाउंड्री वॉल पर चढ़ा और वहीं से गिरकर बेहोश हो गया। तभी विद्यालय के छात्रों के द्वारा घटना की जानकारी प्रधानाध्यापक सीताराम लोहरा को दी गयी। जिसके बाद सूरज देव को उठाकर गुरदरी लाया गया और मेडिकल कैंप में ले जाया गया। जहां से बिशनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

छात्र की मौत पर परिजन कई सवाल खड़े कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि विद्यालय की बाउंड्री वॉल इतना अधिक ऊंची नहीं है जहां से गिरकर किसी की मौत हो सकती है। परिजन दूसरा बड़ा सवाल यह कर रहे हैं कि सूरज देव के गले में कई चोट के निशान दिखाई दे रहे है। जिससे मामला संदेहास्पद लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का स्पष्ट पता चल पायेगा।

सदर अस्पताल गुमला में चिकित्सकों द्वारा मामले के गंभीरता को देखते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु रिम्स रेफर किया गया। लेकिन उच्च पदाधिकारी के निर्देश के बाद तीन सदस्य डॉक्टर की टीम का गठन किया गया। जिसमे सदर अस्पताल के डॉक्टर अनुपम किशोर, डॉक्टर असीम अगुस्टीन मिंज और प्रेमचंद भगत ने शव का पोस्टमार्टम किया।

# जिला विज्ञान केंद्र ने कराया नि:शुल्क शैक्षणिक भ्रमण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा स्कूली बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से जिला विज्ञान केंद्र गुमला के द्वारा निशुल्क शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शुक्रवार को पालकोट प्रखंड के उच्च विद्यालय बाघिमा के 30 छात्र छात्राओं के दल ने जिला विज्ञान केंद्र का भ्रमण करते हुए उपलब्ध विज्ञान के प्रदर्श, थ्रीडी प्रिंटर, मोक्सी रोबोट आदि देखा तथा स्पेस विज्ञान, वर्चुअल रियलिटी सहित अत्याधुनिक तकनीक से परिचित हुए। विद्यालय की शिक्षिका प्रोमिला साहू तथा शांति कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान केंद्र पहुंचे सभी विद्यार्थी इस अवसर पर बेहद खुश नजर आए तथा उनके बीच झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा अल्पाहार का वितरण भी किया गया । मौके पर सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह के द्वारा जानकारी दी गई कि उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार जिले के सरकारी स्कूल के बच्चों हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा शुक्रवार तथा मंगलवार को जिला विज्ञान केंद्र के भ्रमण हेतु रोस्टर निर्धारित किया गया है। जिला विज्ञान केंद्र के समन्वयक काजल, अंकिता तथा आकांक्षा द्वारा इस भ्रमण दल को आवश्यक सहयोग किया गया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू, जिले के चार स्थानों पर लगा शिविर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों में शिविर लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ। शुक्रवार को जिले के 4 पंचायतों में शिविर लगाये गये। सिसई प्रखंड के मुर्गु पंचायत, गुमला प्रखंड के डूमरडीह पंचायत, पालकोट प्रखंड के बागेसेरा पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 1 में शिविर लगाये गए। उक्त शिविरों में सैंकड़ों नागरिकों की भीड़ देखने को मिली, एवं विभिन्न योजनाओं के तहत नागरिकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ दिया गया। ज्ञात हो की राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में राज्य भर में दिनांक 30 अगस्त से लेकर 15 सितंबर तक जिले के विभिन्न पंचायतों अंतर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन किया जायेगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, केसीसी, अबुआ आवास योजना,आयुष्मान कार्ड, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सहित कई कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है। आवेदक अपने नजदीकी शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ जाकर सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर जाकर ले सकेंगे। आज यानी 31 अगस्त को घाघरा प्रखंड के दीरगांव पंचायत भवन, सिसई प्रखंड के कुदरा पंचायत भवन, बसिया प्रखंड के ओकबा पंचायत भवन, कामडारा प्रखंड के कामडारा पंचायत भवन, बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरि पंचायत भवन, गुमला प्रखंड के कुलाबिरा पंचायत भवन, भरनो प्रखंड के अमलिया पंचायत भवन, रायडीह प्रखंड के केमटे पंचायत भवन, जारी प्रखंड के सिसि करमटोली पंचायत, डुमरी प्रखंड अंतर्गत उदनी पंचायत भवन, पालकोट प्रखंड अंतर्गत बघिमा पंचायत भवन, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 2 में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# जमगाई के जंगल से अज्ञात शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने गुरुवार की देर शाम जमगाई की जंगल से क्षत विक्षत स्थिति में एक अज्ञात शव को बरामद किया है। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दो-तीन दिन पूर्व व्यक्ति की मौत हो गयी थी, शव से बदबू भी आने लगा है। जानकारी के अनुसार मृतक लगभग एक सप्ताह पूर्व से जंगल में ही आश्रय ले लिया था। वह विछिप्त भी था। आश्रय लेने के बाद समाजसेवियों ने चादर, छाता व कुछ खाने की सामग्री उसे जा कर दिए थे। जिसके बाद अचानक उसकी मौत की सूचना मिली। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली थी कि उक्त स्थल पर शव देखा गया है जिसके बाद घटनास्थल पहुंच शव को बरामद किया गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक मृतक की पहचानी नहीं हो सका है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# मुखिया संघ की हड़ताल जारी, सीओ को सौंपा ज्ञापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया मुखिया संघ के बैनर तले घाघरा अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल और ब्लॉक कार्यालय में सांख्यिकी पदाधिकारी को शुक्रवार को ज्ञापन सौप मुखिया के अनिश्चित कालीन धरना और कलम बंद हड़ताल की सूचना दिया। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश बढ़ाइक ने बताया कि झारखंड सरकार को विगत 24 जुलाई 2024 एवं 29 जुलाई 2024 को मांग पत्र सौंपा गया था, तथा माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात एवं वार्ता हेतु 20 अगस्त को समय मांगा गया था। परंतु कोई सुनवाई एवं सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण सभी मुखिया आक्रोशित होकर झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के बैनर तले सभी मुखिया अनिश्चितकालीन धरना और कलम बंद हड़ताल किये। उक्त कार्यक्रम विगत 27 अगस्त से शुरू है। जिसे लेकर शुक्रवार को प्रखंड और अंचल को भी अवगत कराने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है। आवेदन सपने वाले मुखिया में मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश बड़ाइक, अग्नि उरांव, चांदनी उरांव, सोमारी देवी, रानी उरांव, यशमुनि कुमारी, विनीता कुमारी, विनोद उरांव, लोदो एक्का, फिरंगी उराव, राजकुमार भगत, पंचायत समिति कुसुम उरांव, रेणुका उरांव सहित कई मुखिया शामिल थे।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने मरीजों से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कामडारा।** कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अमन कुमार यादव शुक्रवार को कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा पहुंच हॉस्पिटल में एडमिट मरीजों से मुलाकात की और उनका स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं हॉस्पिटल में एडमिट महिला मरीज ने बताया की डॉक्टर पिछले दो दिन से हाल जानने तक नहीं आते नर्स आतीं है। साथ महिला मरीज ने बताया की कोई महिला डॉक्टर भी नहीं है। सीएचओ मरीज को देखते है हॉस्पिटल में मरीजों से मुलाकात के दौरान चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों की अच्छी देखभाल करने की बात कही। साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चिकत्सा प्रभारी डॉ. सुनील खलखो ने बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा को अस्पताल में रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। वही अमन कुमार यादव ने दूरभाष के माध्यम से सिविल सर्जन गुमला से कामडारा अस्पताल में डॉक्टर की कमी और महिला डॉक्टर नहीं रहने के कारण गर्भवती महिलाओं का इलाज में बहुत परेशानी होती है जिसे देखते हुए डॉक्टर बहाल किये जाने की बात कही। इसमें शामिल भाजपा प्रखंड अध्यक्ष नरेश सिंह, अरविंद साहू, विजय कुमार, विनायक पंडित और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# अपना भविष्य सुनिश्चित रखने के लिए पौधरोपण जरूर करें : लायंस क्लब

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** वन डिस्ट्रिक वन एक्टिविटीज के तहत शुक्रवार 30 अगस्त 2024 को लायंस क्लब ऑफ गुमला द्वारा राज्य उत्कृष्ट मध्य विद्यालय टोटो जिला गुमला में वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ। जिसकी अध्यक्षता ला. राजकुमार अग्रवाल ने की सर्वप्रथम राज्य उत्कृष्ट मध्य विद्यालय टोटो के प्रधानअध्यापक शंभू प्रसाद गुप्ता ने बुके देकर लायंस क्लब के सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात लायंस क्लब ऑफ गुमला के वरिष्ठ सदस्य एवं जिला चेयरपर्सन ला. मुरली मनोहर प्रसाद ने लायंस क्लब गुमला के पदाधिकारी का सबसे परिचय करवाया एवं उपस्थित बच्चों को कहा कि अपना भविष्य सुनिश्चित रखने के लिए पौधा रोपण जरूर करें। साथ ही अपने आंगन एवं आसपास एक पेड़ अवश्य लगवाए प्रदूषण का स्तर निरंतर बढ़ता जा रहा है, जलवायु परिवर्तन के कारण कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा की स्थिति है। उसके बाद जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस स्कूल से मेरा पुराना लगाव है। जब मैं वन विभाग में था तो हम लोगों ने यही पौधा रोपण किया था जो आज बड़े पेड़ों का रूप ले लिया है। उन्होंने बतलाया कि हमलोगो को जन्म से मृत्यु तक लकड़ी की जरूरत है इसलिए आप लोग सागवान का पेड़ लगवाए जो बच्चियों के शादी तक अच्छा आमदनी का स्त्रोत हो सकता है। उसके पश्चात सचिव अशोक जायसवाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ने का एकमात्र तरीका है अधिक से अधिक पेड़ लगवाए समस्या का समाधान का यही सही समय है जब हम वृक्षारोपण के महत्व को पहचान एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।

# विद्यालय प्रशासन को बेहतर तरीके से चलाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी ने की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कविता खलखो की अध्यक्षता में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका तथा लेखापाल सह कंप्यूटर आपरेटर के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन करते हुए सभी को विद्यालय के प्रशासन को बेहतर तरीके से चलाने के निर्देश दिए गये। समीक्षा के क्रम में कामडारा प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय की वार्डेन से नामांकन में उदासीनता के आरोप में स्पष्टीकरण पृच्छा के निर्देश के साथ जिले के सभी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा छह से बारह तक वर्गवार अद्यतन नामांकन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि नामांकन उपरांत बची हुई सभी रिक्त सीट पर वेटिंग सूची तथा जरूरतमंद आदिम जनजाति, अनाथ, एकल अभिभावक आदि श्रेणी की छात्राओं को प्राथमिकता के साथ 04 सितंबर तक नामांकन कर जिला को प्रतिवेदित करें। समीक्षा के क्रम में सभी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को मिलने वाली अन्य सुविधाओं, छात्रवृति, भोजन सामग्री आदि की गुणवत्ता पर चर्चा की गई। मैट्रिक और इंटर की बोर्ड परीक्षाओं के निमित छात्राओं की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कमजोर छात्राओं के लिए रिमेडियल कक्षा सहित मॉडल प्रश्नों के नियमित अभ्यास हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा के क्रम में प्रभारी आदित्य राज, सहायक अभियंता शमशाद अली तथा अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पियूष कुमार सहित वार्डन तथा लेखापाल उपस्थित थे।

# सरकार आपके द्वार का चौथा चरण शुरू



**सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ऑन स्पॉट मामलों का निबटारा**


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** राज्य सरकार के निर्देश पर शुक्रवार से शुरू आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरवाडीह प्रखण्ड के केचकी पंचायत में शिविर लगाया गया. शिविर में ऑन स्पॉट लोगों की समस्याओं का निबटारा किया गया। छात्र-छात्राओं को जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। पंचायत के एक महिला ने बताया कि जानकारी मिलते ही वह सुबह में शिविर में पहुंची और , जाति, आवासीय व आय प्रमाणपत्र के लिए जरूरी कागजात के साथ आवेदन जमा किया. करीब 1 घंटा में उसका आय व जाति प्रमाणपत्र निर्गत हो गया। बरवाडीह के सीओ मनोज कुमार ने उसे प्रमाणपत्र सौंपा. ऑन स्पॉट प्रमाणपत्र मिलने पर लाभुक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया।

# हिंडालको क्षेत्र में डॉक्टरों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करें : डीसी

**सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी, प्रशासनिक अधिकारियों और उपायुक्त की समीक्षा बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में उद्योग विभाग एवं सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की गयी। मुख्य रूप से सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये। इस दौरान सीएसआर मद से आवासीय विद्यालयों की मरम्मती, विद्यालयों एवं अन्य स्थानों पर लगाए जा रहे सोलर लाइट की सुविधा, उच्च/ मध्य विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती, बाउंड्री वॉल निर्माण, स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, आदि की समीक्षा की। उपायुक्त ने हिंडालको कंपनी को पीएचडी विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीएसआर के क्षेत्रों में सभी ग्रामों/ टोलों अंतर्गत प्राकृतिक जल स्त्रोतों को चिन्हित करते हुए, उससे आस पास के गांव तक पेय जल आपूर्ति के कनेक्शन करने हेतु निर्देश दिये गये एवं योजना तैयार करने की बात कही, जिसके लिए उन्होंने तीन सप्ताह का समय दिया, उन्होंने शत प्रतिशत ग्रामों/ टोलों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। उपायुक्त ने सीएसआर क्षेत्र अंतर्गत संचालित अस्पतालों की स्थिति एवं डॉक्टर्स के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जिसके तहत उपायुक्त ने ही हिंडालको को डॉक्टर्स के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही नेतरहाट स्थित बने अस्पताल की स्थिति की जानकारी लेते हुए वहां भी पानी की आपूर्ति को दुरुस्त करने एवं शेष बचे कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीएसआर क्षेत्र अंतर्गत संचालित आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करने हेतु निर्देश दिए गये, आवासीय विद्यालयों में बच्चों के बीच हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा हिंडाल्को को टीबी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट को देकर सम्मानित किया गया।

# अलग-अलग क्षेत्र में सर्पदंश से दो घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में प्रतिदिन सर्प दंश के मामले देखने को मिल रहे हैं। ज्यादातर मामलों में खेत में काम करने के दौरान सांप लोगों को काट रहा है। ताजा मामला रायडीह व घाघरा प्रखंड से है। घाघरा प्रखंड अंतर्गत गांव निवासी 35 वर्षीय रितु उरांव को धान के खेत में घास निकालने के क्रम में एक सांप पैर में काट लिया। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गये जहां इलाज के उपरांत उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। वही सांप के काटे हुए स्थान में पीला हो गया है। जहां से उसे काफी दर्द भी हो रहा है।दूसरी घटना में रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत रमजा निवासी 32 वर्षीय मीना देवी को धान का बीड़ा उखाड़ने के क्रम में पैन नाग नामक सांप ने हाथ में काट लिया। इसके बाद सांप पानी के अंदर गायब हो गया। यह घटना गुरुवार अपराह्न की है। इसके बाद परिजन भिंजपुर से एक भगत को बुलाए और घर में ही झाड़ फूंक कराया। इसके बाद शुक्रवार की सुबह 11 बजे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने बताया इलाज के बाद उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है

# पीएम जनमन आवास के को-ऑर्डिनेटर से डीडीसी ने मांगा स्पष्टीकरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** पीएम जनमन आवास में बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय में पद स्थापित आवास कोडिनेटर संदीपा कुमारी के द्वारा जन मन अवास दिलाने के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आने पर गुमला और विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर से जन मन आवास लाभुकों से पैसा लेने के मामले में 24 घंटा के अंदर स्पष्टीकरण पूछा गया है।

## उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी की मौत पर कर्नल संजय सिंह ने दी कड़ी प्रतिक्रिया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा मैदान में हाल ही में संपन्न हुए उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ के दौरान 60 से अधिक अभ्यर्थियों की हालत गंभीर हो गई और एक अभ्यर्थी की मृत्यु हो गई। राज्य के विभिन्न जिलों से इस तरह के अप्रिय घटना की खबर प्रतिदिन सुनने को मिल रही है। यह घटना राज्य सरकार की घोर लापरवाही और प्रशासनिक असफलता का प्रतीक है। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 15 महीने पहले अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा था और तैयारी शुरू कर दी थी। लेकिन सरकार समय पर भर्ती शुरू नहीं किया। अब अचानक अचार संहिता से पूर्व उन्हें उचित समय और तैयारी के बिना दौड़ के लिए बुला लिया गया। अगर अभ्यर्थियों को दो-तीन महीने पहले सूचित किया गया होता, तो वे बेहतर तरीके से तैयारी कर सकते थे। इस तरह की लापरवाही से 10 किलोमीटर की दौड़ में इतनी बड़ी त्रासदी होना स्वाभाविक है। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर कहा कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में अभ्यर्थियों को फर्श पर लिटा दिया गया और केवल 30 बेड की व्यवस्था थी। यह राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है। ऐसी घटनाओं के बाद भी सरकार की कोई तैयारी नहीं दिख रही है। कर्नल संजय सिंह ने राज्य सरकार से इस मामले की तुरंत जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## रेल कर्मचारियों के लिए जपला रेलवे स्टेशन परिसर में हुई हेल्थ यूनिट की शुरुआत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला स्टेशन परिसर में शुक्रवार को हेल्थ यूनिट की शुरूआत हुई। जिसका उद्घाटन इसीआरकेयू के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह पीएनएम प्रभारी मिथिलेश कुमार और मंडल कार्मिक अधिकारी जैश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। इसकी शुरूआत रेल संगठन ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की पहल पर की गयी। कार्यक्रम का संचालन इसीआरकेयू के डेहरी शाखा अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता अविनाश कुमार, ईसीआरकेयू के केंद्रीय सहायक महामंत्री बीबी पासवान, सहायक मंडल अभियंता संतोष कुमार, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरदीप सिंह मौजूद थे। अपने संबोधन में ईसीआरकेयू के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह पीएनएम प्रभारी डीडीयू कॉमरेड मिथिलेश कुमार ने कहा कि इसकी व्यवस्था होने से इस शाखा के सिगीसिगी से सोन नगर फ्लाई ओवर स्टेशन से जुड़े सभी कर्मचारियों व उनके आश्रितों के साथ ही रेल यात्रियों को भी स्वास्थ्य संबंधित लाभ मिलेगा। मंडल कार्मिक अधिकारी जैश कुमार ने कहा कि रेल प्रशासन कर्मचारी हित के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। ताकि रेल कर्मचारी एवं उनके आश्रितों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके। मौके पर स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सिंह, एसपी सिंह, हरेंद्र सिंह, विजय बहादुर सिंह, संजीव पांडेय, नरेंद्र प्रताप सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रमोद रंजन तिवारी, संजय यादव, राजेश कुमार, मुकेश यादव, रमेश चंद्र, मुन्ना कुमार और नीता कुमारी आदि मौजूद थे।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Retails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# गांवों में विकास की बहुत संभावनाएं: अरुणा शंकर

## प्रथम महापौर ने खनवा गांव का दौरा कर कई जगह लगायी चौपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शुक्रवार को खनवा गांव का दौरा कर कई जगह पर चौपाल लगाया और लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। अरुणा शंकर ने कहा कि मैं जहां भी जा रही गांव में मुझे काफी अपनापन और प्यार मिल रहा है। शहर में मेरे द्वारा किए कार्यों की जब गांव के लोग तारीफ करते हैं तो मुझे लगता कि मेरी मेहनताना मिल रही है। मैं भी एक गांव की बेटी हूं और आज भी गांव मुझे अपनी ओर आकर्षित करता है। प्रथम महापौर ने कहा कि गांव में अभी काफी विकास की संभावनाएं हैं जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, पथ और ओपन जिम युक्त पार्क प्रमुख है। कहा कि आप सभी की मदद से अगली सरकार भाजपा की बनेगी और उपरोक्त सुविधा एक मॉडल गांव का नक्शा बनाकर हमारी भाजपा सरकार गांव-गांव को सुविधायुक्त बनाएगा। प्रथम महापौर ने खंनवा गांव की मुखिया प्रभादेवी की तारीफ करते हुए कहा कि हमेशा यह अपने गांव को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करती रहती है।



चौपाल लगाकर लोगों से बातें करतीं व उनकी समस्याओं के अवगत होती अरुणा शंकर।

# बसपा का दामन थामेंगे जितेंद्र पासवान

अमलेश ठाकुर

**तरहसी/पलामू (आजाद सिपाही)।** जितेंद्र पासवान ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का दामन थामने का मन बना लिया है। रविवार को बेदानी खुर्द मैदान में बसपा की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य सह बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर रामजी गौतम, केंद्रीय प्रभारी श्रीकांत गौतम और राजन मेहता की मौजूदगी में आधिकारिक रूप से पार्टी का दामन थामेंगे। इस बाबत एक सवाल के जवाब में जितेंद्र पासवान से कहा कि बसपा दलित पिछड़ा गरीब गुरबा की पार्टी है। इसके नेतृत्व में पांकी विधानसभा में एक नया आयाम रखने का कार्य करेंगे। कहा कि बसपा के नेतृत्व में पांकी विधानसभा विकास में अव्वल होगा। कहा कि सारा संसाधन होने के बाद भी यहां के गरीब दलित शोषित लोग दूसरे राज्य पलायन कर रहे हैं। मजदूरी के दौरान उनकी मौत भी हो जा रही है। पर उनकी सुधि लाने वाला कोई नहीं है। आरोप लगाया कि क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बना है। लेकिन उसमें चिकित्सक नहीं है। यहां के लोगों का समुचित इलाज उपलब्ध नहीं हो पाया इसकी जिम्मेदारी किसकी है। शिक्षा के लिए शिक्षा भवन बने लेकिन पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं हैं। हमारे बच्चे बिहार जाकर ऊंच्च शिक्षा की तैयारी करने को मजबूर हैं।



# हुसैनाबाद की पतरा पंचायत में डीसी ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

**पलामू डीसी ने किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शुक्रवार से पलामू जिले के सभी प्रखंड की पंचायतों में शुरूआत हुई। डीसी शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद और एलआरडीसी गौरांग महतो ने हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत से इस अभियान की विधिवत शुरूआत की। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि इस विशेष अभियान का एक मात्र उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अभियान के माध्यम से आपके अधिकारों को आपके घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद डीसी व डीडीसी ने हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 1 व 12 के लिए आयुष्मान अरोग्य मंदिर में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान डीसी ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तरनेश हंस, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, एनसीपी नेता विनय कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार और मुखिया आचल देवी आदि मौजूद थे।



## 13 पशुओं को पुलिस ने बचाया, चालक-खलासी गिरफ्तार

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना के आधार पर विश्रामपुर पुलिस ने अवैध रूप से 13 गोवंशीय पशुओं को लेकर जा रही टाटा 407 ट्रक को जब्त कर लिया। साथ ही चालक इस्लाम अंसारी और खलासी मुर्शीद खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं पशुओं को स्थानीय लोगों की देखरेख में जिम्मेनामे पर दे दिया है। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे ने बताया कि गोवंशीय पशुओं को अवैद तरीके से ट्रक से ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी, जिस पर कार्रवाई की।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का स्थान बदले जाने से ग्रामीण हुए नाराज, किया विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के निर्धारित स्थान हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कुलहिया पंचायत सचिवालय को अचानक बदल दिये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इसे लेकर शुक्रवार को कारिलेवड़ा, शिकारपुर और कुलहिया गांव के सैकड़ों ग्रामीणों का निर्धारित स्थल कुलहिया पंचायत सचिवालय पहुंचने पर शिविर कहीं और आयोजित कराये जाने की सूचना पर ग्रामीण काफी नाराज हो गये। प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आक्रोश प्रकट किया। इस संबंध में दीपक कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, संतन मेहता, धर्मेंद्र मेहता, मंटू कुमार, सुरेंद्र साव, सत्यनारायण पासवान, सिकंदर कुमार, अशोक वर्मा, रिंकू देवी, सुनीता देवी, सोना देवी, सोना देवी, रीता देवी, मीना देवी, शारदा देवी, रंजू देवी आदि ने बताया कि पहले से पंचायत सचिवालय में शिविर आयोजित होना था। बिना सूचना के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य के कहने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थान परिवर्तन कर जगदीशपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिविर आयोजित कर दिया। जिससे उन लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। क्योंकि हम ग्रामीण पंचायत क्षेत्र के कारिलेवड़ा और शिकारपुर गांव से आते हैं। जिसकी दूरी करीब 15 किलोमीटर होती है। इस संबंध में बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने बताया कि कुलहिया पंचायत सचिवालय भवन में मरम्मती कार्य चलने के साथ ही परिसर में बरसाती पानी और किचड़ भरा था। जिस कारण स्थल परिवर्तन करना पड़ा। जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है।



### शिविर में आये 1200 आवेदन, परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

जगदीशपुर विद्यालय में आयोजित शिविर में सैकड़ो ग्रामीण पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं का निदान के लिए आवेदन जमा किए। इस अवसर पर बीडीओ ने बताया कि शिविर में करीब 1200 लाभार्थियों ने अलग-अलग योजनाओ में आवेदन पत्र जमा किया है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबूआ आवास योजना के लिए नए सूची तैयार करने के लिए, अबुआ स्वास्थ्य योजना के तहत 5 से 15 लाख रुपये तक बीमा, फसल बीमा, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित लाभार्थियों ने आवेदन जमा किए। इस दौरान कई परिसंपतियों का भी वितरण हुआ। शिविर में जिला कृषि पदाधिकारी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, आकांक्षी प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार, प्रधान सहायक सरयू बैगा,बाल विकास परियोजना प्रवेक्षिका सुमित्रा देवी के आलावे राजद नेता कमलेश कुमार यादव, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह उपस्थित थे। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशु, कल्याण सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे।

### डीटीओ ने किया 'सरकार आपके द्वार' शिविर का उद्घाटन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड के सरैया पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया, जिसका उद्घाटन जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव, सीओ जितेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि विकाश तिवारी और उप मुखिया संगीता सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित सैकड़ों आवेदन जमा किए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शिवराज सिंह चौहान से मिले भाजपा नेता विजेंद्र पाठक, कई मुद्दों पर की चर्चा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वरीय भाजपा नेता बिजेंद्र पाठक ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री सह झरखड़ चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात रांची के रेडिसिन ब्लू होटल में हुई। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई। बिजेंद्र पाठक ने प्रदेश चुनाव प्रभारी को पलामू प्रमंडल के वर्तमान राजनीतिक हालात की जानकारी दी। विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा के राजनीतिक परिदृश्य से भी अवगत कराया। इसके बाद उनके साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में भी शामिल हुए। जहां दोनों नेताओं ने पौधारोपण किया।। बिजेंद्र पाठक ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान का करिश्माई व्यक्तित्व है। इनकी नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरा देश मानता है। इनके अनुभव का लाभ झारखंड में पार्टी को मिलेगा।

### स्व ज्योति प्रकाश की बहू होना मेरे लिए गर्व : अरुणा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज में स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की जयंती मनाई गई। जिसमें कॉलेज की छात्राओं, प्रिंसिपल एवं कॉलेज की अध्यक्ष प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उनहोंने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने उनकी याद में प्रार्थना सभा की। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे गर्व है इस परिवार पर जहां की मैं बहू हूं। उसी परिवार ने समाज को बहुत कुछ दिया है। स्थानीय अस्पताल का टीवी वार्ड, जनता शिवरात्रि कॉलेज, रोटरी स्कूल आनन्द शंकर,सार्वजनिक दुर्गा मंडप एवं कई संस्थाने ऐसी है जिसके निर्माण में सहभागिता हमारे परिवार की रही है।

### भाजपा में शामिल हुए कई दलों के कार्यकर्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने किया स्वागत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत बघमनवा पंचायत से अन्य दलों के 26 कार्यकर्ता भाजपा नेता शंकर केशरी के नेतृत्व में शुक्रवार को पार्टी में शामिल हुए। आरसीआईटी सभागार में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। कहा कि भाजपा के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे है। जिससे भाजपा दिनों दिन और मजबूत हो रही है। भाजपा में शामिल होने वालों में प्रेम यादव, नरेश गुप्ता, उमेश केशरी, संतोष विश्वकर्मा, बबन बिंद, सुरेश बिंद, नंदू चौधरी, प्रेम यादव, जितेंद्र केशरी, सागर बिंद, जागा पासवान, बिगन चौधरी आदि शामिल हैं।

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता
जय माता दी
रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

## धनबाद जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का शुभारंभ

# सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही समस्याओं का होगा निवारण: उपायुक्त

**डीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार से शुभारंभ हुआ। 15 सितंबर तक चलने वाली इस योजना के तरह धनबाद जिले के सभी 256 पंचायत, नगर निगम के सभी 55 एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी 21 वार्ड में शिविर लगाया जाएगा। वहीं, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से डीसी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीसी ने कहा कि 30 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के सभी पंचायत, धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। लोगों को जागरूक करने के लिए लिए जागरूकता रथ रवाना किया गया है, जो जिले की सभी पंचायत, धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद के वार्डों का भ्रमण कर लोगों को कार्यक्रम की जानकारी देगा। डीसी ने बताया कि फोकस एरिया में शामिल योजनाएं, बेनेफिशरी ओरिएंटेड योजनाएं, लाभुकों के बीच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण, स्कूली बच्चों को लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए चेक वितरण, एसएचजी सदस्यों के बीच आइडेंटी कार्ड का वितरण, योग्य लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लूंगी एवं कंबल वितरण किया जाएगा। साथ ही अभिलेख, आय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार या राशन कार्ड में सुधार और बिजली बिल से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया जाएगा। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह और एनडीसी दीपक कुमार दुबे आदि मौजूद थे।



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीसी माधवी मिश्रा व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पत्रकार के इलाज के लिए झरिया विधायक ने दी एक लाख रुपये की सहायता राशि



**झरिया ( आजाद सिपाही)।** विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने असाध्य रोग (क्रोनिक लीवर बीमारी) से पीड़ित स्थानीय पत्रकार दीपक कुमार दुबे को आर्थिक मदद करते हुए उनकी मां को एक लाख रुपये का चेक सौंपा। यह सहायता राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गयी है। विधायकने बताया कि दीपक दुबे का इलाज वर्तमान में नई दिल्ली के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में चल रहा है। कहा कि हम विभिन्न माध्यमों से दीपक जी के इलाज के लिए धन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। हमें आशा है कि वह जल्द स्वस्थ होकर हमारे बीच लौटेंगे। इस अवसर पर रामकृष्ण पाठक, अजय सिंह, मुन्ना सिंह और सूरज सिंह आदि उपस्थित थे।

### गठबंधन सरकार ने एक भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया : तापेश

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 12 ए फुटबॉल मैदान में आजसू छात्र संघ की ओर से बायोडाटा संग्रह अभियान चलाया गया। साथ ही जिला कमेटी की सूची तैयार की गई। जिसकी घोषणा आजसू छात्र संघ जिला कमेटी की अगली बैठक में की जाएगी। इस दौरान शुक्रवार को हुई बैठक में उपस्थित युवा आजसू के प्रभारी तापेश महतो राज्य की गठबंधन सरकार पर जमकर जुबानी हमला किया। सरकार को विकास के हर मोर्चे पर विफल करार देते हुए चुनाव के दौरान किए गये एक भी वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। मौके पर जिला संयोजक भीम महतो, विश्वनाथ गोराई, नवनीत महतो, किरिटी महतो, कामदेव कुमार, कैलाश महतो, धनराज कुमार, परितोष कुमार व पीके महतो आदि थे।

## सरकार आपके द्वार शिविर में उमड़े लोग



**मिले हजारों आवेदन, सैकड़ों का हुआ मौके पर ही निष्पादन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तरह शिविर लगाया गया, जिसमें काफी लोग उमड़ें। जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा संबंधित प्रखंडों के बीडीओ, सीओ की अगुवाई में मौके पर ही सैकड़ों मामलों का निष्पादन कर सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन व आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता को दिलाना है। इस कार्यक्रम में समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ समस्याएं जिनका निष्पादन मौके पर ही संभव नहीं है, उसे भी जल्द निष्पादित कर दिया जाएगा।

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत आज

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट, झारखंड हाई कोर्ट व बोकारो के प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश अनील कुमार मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत आयोजित होगा। जिसके सफल निष्पादन के लिए तीन बेंच गठित किया गया है। पहले बेंच में जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच में एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल व अधिवक्ता उमेश प्रसाद और तीसरे बेंच पर मुंसिफ शिवराज मिश्रा एवं अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर मौजूद रहेंगे।

### नदी में कूदी युवती का नहीं मिला कोई सुराग, 10 गोताखोर कर रहे तलाश

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो हिंदुस्तान पुल से गुरुवार को दमोदर नदी में कूदने वाली युवती श्वेता कुमारी 30 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिल सका है। बेरमो पुलिस की ओर से शुक्रवार को 10 गोताखोर की मदद से दामोदर नदी में उसकी तलाश की गयी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। देर शाम तक गोताखोर की टीम फुसरो से लेकर भंडारीदाह तक तलाश की पर कोई सफलता नहीं मिला। बतातें चलें कि गुरुवार की दोपहर चास के कुंवर सिंह कालोनी निवासी श्वेता कुमारी ने हिंदुस्तान पुल से दामोदर नदी में छलांग लगा दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही बेरमो थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के क्षेत्र और दमोदर नदी का जायजा लिया। पर युवती का कोई पता नहीं चल सका था। वहीं, गोताखोरों की टीम में अनिल रविदास, जलाल अंसारी, शाहिद अंसारी, मुकेश नायक, नूर अहमद, श्रमद अंसारी, विकास कुमार, हैदर अंसारी आदि शामिल थे।

### सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हो गया है। फुसरो नगर परिषद के वार्ड संख्या 01 के रामाधार सिंह पब्लिक स्कूल, बेरमो सिम, नियर दुर्गा मंदिर में नोडल पदाधिकारी कुमार निशांत के देख रेख में प्रारंभ हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने जानकारी व लाभ लिया।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्याल, रॉंची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–ठाकुरा मुण्डा, उम्र–14 वर्ष, ऊँचाई–3 फिट 7 ईंच, रंग–सॉवला, पहनावा–सफेद कमीज एवं पैंट

उपरोक्त लापता लड़का ठाकुरा मुण्डा, माता–पार्वती देवी, पिता–स्व0 समल मुण्डा, सा0–हेसदा, पंचायत हुमटा, थाना–बण्डु, जिला–रॉंची जो दिनांक–06.08.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में बुण्डु थाना–सन्हा सं0–21/2024, दिनांक–08.08.2024 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

अनु0पु0पदा0, बुण्डु, रॉंची –9431706144

थाना प्रभारी बण्डु, रॉंची। –9431706191

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 334209 (Police)24-25*D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–रूकसार परवीन उम्र–25 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट,पहनावा–लाल सलवार एवं गुलाबी सूट पहनी हुई है।

डपरोक्त लापता महिला रूकसार परवीन उम्र–25 वर्ष, पे0–जासीम अंसारी, पे0–स्व0 सतार अंसारी, ग्राम–बिसहाखटंगा थाना–माण्डार, जिला–रॉंची जो दिनांक–25.07.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आयी है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा संख्या–18/2024, दिनांक–25.07.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया आवश्यक है।

उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है। अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। –9431742777

थाना प्रभारी माण्डर, राँची। –9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 334215 (Police)24-25*D



### सिंदरी चेंबर ने नगर आयुक्त के साथ की बैठक, बाजार की समस्याओं पर चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला चेंबर के नेतृत्व में सिंदरी चेंबर का प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिला। इस दौरान सिंदरी बाजार की कई प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई और एक ज्ञापन नगर आयुक्त को सौंपा गया। इस दौरान मुद्दा उठाया गया कि नगर निगम ने कुछ आवंटन धारकों को बकाया भाड़े को लेकर नोटिस जारी किया है। इस पर नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि विभिन्न तिथियों पर निगम द्वारा एनएससी मार्केट, शहरपुर में कैंप आयोजित किया जाएगा। सिंदरी चेंबर ने सभी आवंटन धारकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने बकाया भाड़े का भुगतान करें। यदि भाड़ा जमा नहीं किया गया, तो पेनल्टी के साथ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, बाजार क्षेत्र में एक सांढ़ के उत्पात की समस्या को लेकर भी चर्चा हुई। इस पर नगर आयुक्त ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर सांढ़ को उठाकर झरिया के बस्ताकोला गौशाला में भेज दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने यह भी जानकारी दी कि शहरपुरा बाजार और सिंदरी शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू होने जा रही है। इस बैठक में धनबाद जिला चेंबर के अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल, सिंदरी चेंबर के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, महासचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया व सह सचिव राकेश सोनी आदि मौजूद थे।

## बीआइटी सिंदरी में हुआ 'अवलोकन 2024' का शुभारंभ, तकनीकी नवाचारों पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** बीआइटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग की ओर से आयोजित वार्षिक तकनीकी महोत्सव 'अवलोकन 2024' का शुभारंभ शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे हुआ। इस तीन दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के तकनीकी सलाहकार संजय कुमार सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान कई तकनीकी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे एक्सपर्ट टॉक, साइंस क्विज 'चक्रव्यूह, पैनल डिस्कशन 'विवक्ति', कैड इवेंट कैड-मैन, मॉडल मेकिंग, गेम ऑफ ट्रस, फन साइंस एक्टिविटी साइन्टिया, टेक्निकल पेपर प्रेजेंटेशन जेनेसिस और बिल्ड आर्क ब्रिज निर्माण शामिल हैं। कार्यक्रम के पहले दिन संजय कुमार सिंह ने पुल निर्माण और डिजाइन के पहलुओं पर एक विशेष चर्चा की, जिसमें उन्होंने इस क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकी नवाचारों पर प्रकाश डाला। इस महोत्सव के संरक्षक बीआइटी सिंदरी के निदेशक प्रो (डॉ) पंकज राय हैं। इस मौके पर संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर, आयोजन सचिव डॉ निशिकांत किस्कु, समन्वयक प्रो प्रशांत रंजन मालवीय, डॉ अभिजीत आनंद और छात्र समन्वयक प्रिंस माइकल मिल्टन एवं रुद्र कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे। 'अवलोकन 2024' के माध्यम से छात्रों को तकनीकी कौशल विकसित करने और उद्योग के विशेषज्ञों से सीखने का अद्वितीय अवसर प्राप्त हो रहा है। महोत्सव का समापन 2 सितंबर को होगा।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला**

आम सूचना

राष्ट्रीय लोक अदालत

दिनांक 28.09.2024, शनिवार

स्थान -व्यवहार न्यायालय परिसर, गुमला

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), गुमला के प्रांगण में दिनांक 28.09.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामले का निष्पादन किया जायेगा :–

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद, N.I.Act. U/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस), (2) मोटर –दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद .(3) पारिवारिक/वैवाहिक वाद, (4) श्रम विवाद, (5) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (भू अर्जन मुआवजा), (6) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, (7) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद, राजस्व वाद, मनरेगा, बिजली बिल, मामले और पानी बिल से संबंधित वाद, बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद, सेवा से संबंधित वाद, वन विभाग से संबंधित वाद, उत्पाद से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद, दाखिल खारिज मामले, अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से दिन के 04:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

श्री शंभु कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

श्री कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

श्री ध्रुव चंद्र मिश्र, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

PR 334199 Law (24-25)_D


### शिविर का आयोजन कर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति किया जागरूक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी अस्पताल के सीइओ व सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने अपने लक्ष्य 'धनबाद फर्स्ट' के तहत भूली डी ब्लाक, सेक्टर-9 में एक जनसंवाद सभा आयोजित की। जहां स्थानीय लोगों संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और समाधान के लिए अपने विचार दिये। कहा कि धनबाद फर्स्ट का मुख्य उद्देश्य 2029 के लिए धनबाद का एक ड्राफ्ट विजन तैयार करना है जो केवल क्षेत्र के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण करना है। उन्होंने क्षेत्र के विकास और समाज कल्याण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों पर चर्चा की और भूली डी ब्लाक, सेक्टर-9 के लोगों के साथ मोहल्ले का दौरा कर विभिन्न समस्याओं को देखा। इसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान ज्ञान चंद्र सिंह ने नाली व बिजली, राजेंद्र सेठ ने नाली, रमना ने नाली, बिजली व पेयजल आपूर्ति, राकेश सिन्हा ने कचरा, बिजली व नशा मुक्ति के सात ही अन्य लोगों से रोजगार एवं प्रयोगशाला जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित कई समस्याओं को हरेन्द्र सिंह के समक्ष रखा। वहीं, हरेंद्र सिंह ने धनबाद प्रखंड के मुनिडीह स्थित बारडुभी पंचायत भवन में एक निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना था। इसमें मुख्य रूप से कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को प्रतित्साहित करना था। इस शिविर का आयोजन बारडुभी के मुखिया एवं भाजपा धनबाद प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के सहयोग से किया गया।

## डीटीओ व एमवीआइ ने की स्कूल बसों की जांच

# वाहनों के कागजातों में त्रुटि, डीएवी पब्लिक स्कूल पर लगा 70 हजार रुपये का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी सह जिला सड़क सुरक्षा समिति की अध्यक्ष माधवी मिश्रा ने सभी स्कूलों में चल रहे वाहनों के पेपर और वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस जांच का निर्देश दिया है, जिसके आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी और मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार ने संयुक्त रूप से डीएवी पब्लिक स्कूल में वाहनों की जांच की। इस संबंध में डीटीओ ने बताया कि जांच के दौरान कुछ वाहनों में त्रुटी पाई गई। उनसे लगभग 70 हजार रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई और स्कूल प्रबंधन को वाहन चालकों एवं उप चालकों के ड्रेस कोड का पालन और वाहनों में सुरक्षा संबंधी सभी मानकों को पूरा करने के लिए निर्देश दिया गया। कहा कि आगे भी लगातार स्कूलों में वाहनों की जांच की जाती रहेगी। सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतरने और बच्चों की सेफ्टी को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। मोटरयान निरीक्षक और जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार ने डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता अभियान चलाया। बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित बुक भी बांटे गए। मौके पर रोड इंजीनियर एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी असिस्टेंट देवेंद्र कुमार, मुकुल कुमार मौजूद रहे।



वाहन चालकों को जरूरी जानकारी देते मोटरयान निरीक्षक व अन्य।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।**

आम सूचना

उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक 361/गो0, दिनांक 24.08.2024 द्वारा नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्डो में सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजनों को उपलब्ध कराने के निमित शिविर लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसकी विवरणी निम्नवत हैं :–

| तिथि | वार्ड सं0 | वार्ड का नाम | कार्यक्रम के स्थान का विवरण | कार्यक्रम का समय |
|---|---|---|---|---|
| 31.08.2024 | 01 | करकट | मध्य विधालय करकट, लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 02 | बानपुर | | |
| 04.09.2024 | 04 | डुरूआ | सोमेष्वर विवाह मंडप डुरूआ गुरूवार बाजार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 05 | डुरूआ | | |
| | 06 | डुरूआ | | |
| 07.09.2024 | 03 | राजहार | मध्य विधालय आश्रम, लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 07 | लातेहार (बहेराटॉड–चटनाही) | | |
| 09.09.2024 | 08 | लातेहार | सामुदायिक भवन अम्बाकोठी लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 09 | लातेहार | | |
| | 10 | अम्बाकोठी–गिजनियॉटॉड | | |
| 12.09.2024 | 11 | तापाखास | सब्जी मार्केट भवन बाईपास रोड लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 15 | धर्मपुर | | |
| 14.09.2024 | 12 | अम्वाटीकर | मध्य विधालय अम्वाटीकर लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 13 | अम्वाटीकर | | |
| | 14 | चन्दनडीह | | |

अतः आमजनों से अनुरोध हैं कि नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त तिथि को विभिन्न वार्डो में आयोजित शिविर "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम में अधिक संख्या में संबंधित स्थल पर उपस्थित होकर झारखण्ड सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाये।

प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार।

PR 334217 Urban Development(24-25)D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 31 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



## आलोक राज को बिहार के डीजीपी का प्रभार



पटना (आजाद सिपाही)। बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी के केंद्र में जाने के बाद नीतीश सरकार ने बिहार में नये डीजीपी के नाम का एलान कर दिया है। निगरानी के डीजी आलोक राज को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गृह विभाग ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। आलोक राज 1989 यूपीएससी बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। आरएस भट्टी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए विरमित कर दिया गया है। आलोक राज का रांची से भी गहरा नाता है। वह एकीकृत बिहार में रांची के सिटी एसपी रह चुके हैं। आलोक राज ने पिछले साल सावन महीने में भगवान शिव पर एक गीत गाया था, जो काफी वायरल हो गया था।

# छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिर जाने के मामले में पीएम नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा ने 2013 में जब मुझे पीएम का उम्मीदवार बनाया था, तो मैं रायगढ़ के किले में गया था। छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के सामने प्रार्थना की थी। मेरी वह प्रार्थना उसी भक्तिभाव से थी, जैसे भक्त भगवान के आगे करता है। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, वह दुखद है। मेरे लिए और सभी साथियों के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ नाम नहीं हैं। हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ राजपुरुष नहीं हैं। बल्कि आराध्य देव हैं। पीएम मोदी ने कहा, मैं आज सिर झुकाकर अपने आराध्य देव शिवाजी से माफी मांगता हूं। उनके चरणों में सिर झुकाकर माफी मांगता हूं। हमारे संस्कार अलग हैं। हम वे लोग नहीं हैं, जो आये दिन भारत मां के महान सपूत वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं।' उन्होंने कहा कि मैं महाराष्ट्र में आने के बाद पहला काम छत्रपति शिवाजी के चरणों में सिर झुकाकर माफी मांगने का कर रहा हूं। उन्हें आराध्य देव मानने वाले लोगों के दिलों को जो चोट पहुंची है, मैं उनसे भी सिर झुकाकर माफी मानता हूं। हमारे संस्कार अलग हैं। आज का दिन महाराष्ट्र की विकास यात्रा में ऐतिहासिक है। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस भी इस मामले में माफी मांग चुके हैं। शिंदे ने तो कहा था कि मैं महाराज शिवाजी के चरणों में एक सौ बार सिर झुकाने के लिए तैयार हूं। इसके अलावा अजित पवार ने कहा था कि हम महाराष्ट्र की 13 करोड़ जनता के आगे सिर झुकाते हैं। दरअसल सिंधुदुर्ग के किले में शिवाजी महाराज की जो प्रतिमा गिरी है, उसका उद्घाटन खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने ही नौसेना के एक कार्यक्रम के दौरान किया था। इस घटना को लेकर एनडीए पर विपक्ष निशाना साध रहा था। उद्धव सेना के नेता संजय राउत ने तो कहा था कि शिवाजी महाराज का ऐसा अपमान मुगलों ने भी नहीं किया था।

## वेदांत एल्यूमीनियम ने झारसुगुडा के स्कूलों को बदलने में मदद की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को बढ़ावा देने के वेदांत एल्युमीनियम के प्रयासों का ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में माध्यमिक शिक्षा और डिजिटल साक्षरता स्तर पर गहरा प्रभाव पड़ा है। प्रोजेक्ट विद्याग्रह और वेदांत मिनी साइंस सेंटर जैसी पहलों के साथ-साथ ओडिशा सरकार के मो स्कूल अभियान कार्यक्रम के लिए अपने समर्थन के माध्यम से, कंपनी सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए शैक्षणिक उन्नति में नये मानक स्थापित कर रही है।

**प्रोजेक्ट विद्याग्रह: अकादमिक प्रदर्शन में एक डिजिटल छलांग:** झारसुगुड़ा के 106 हाई स्कूलों में लॉन्च किये गये प्रोजेक्ट विद्याग्रह ने झारसुगुड़ा में छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। ई-लर्निंग पहल गणित, अंग्रेजी और विज्ञान विषयों के लिए एक वेब-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल शिक्षण संसाधन प्रदान करने पर केंद्रित है और अब तक इसके प्रभावशाली परिणाम मिले हैं। इस वर्ष की राज्य बोर्ड परीक्षाओं में, विद्याग्रह कार्यक्रम में भाग लेने वाले सात स्कूलों में से छह ने 100% उत्तीर्ण दर हासिल की है, जिसमें एक स्कूल ने सराहनीय 97.70% उत्तीर्ण दर हासिल की है। इसके अतिरिक्त, 51 छात्रों ने प्रथम श्रेणी का गौरव हासिल किया, और एक छात्र ने उत्कृष्ट 92% स्कोर के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस परियोजना को वेदांता झारसुगुड़ा के 100 से अधिक कर्मचारी स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से लाभ मिलता है, जो छात्रों के लिए अधिक सामुदायिक जुड़ाव और सीखने के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अपनी पेशेवर विशेषज्ञता और समय का योगदान देते हैं। परियोजना की सफलता पर बोलते हुए, झारसुगुड़ा के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राधाकांत गर्तिया ने कहा, 'परियोजना विद्याग्रह कॉर्पोरेट और शैक्षिक क्षेत्रों के बीच एक सफल सहयोग का उदाहरण है, जो छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों और कैरियर की संभावनाओं को महत्वपूर्ण रूप से ऊपर उठाता है।

## लक्ष्मण सिंह ने ट्रांसफार्मर का किया लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनवार/गिरिडीह।** पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह शुक्रवार को धनवार विधानसभा के कई गांवों का दौरा कर लोगों से मिले। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इसी दौरान बलहरा पंचायत के नैयकाडीह 100 केबी और ढलवामोह गांव 25 केवीए ट्रांसफार्मर का लोकार्पण कर अंधेरे में जी रहे लोगों के बीच समर्पित किया। बता दें कि यहां पिछले कई सप्ताह पूर्व लगा हुआ ट्रांसफार्मर जल गया था। जिससे यहां के लोग अंधेरे में जीने को विवश थे। ऊपर से उमस भरी गर्मी लोगों को अलग से परेशान कर रखा था। बच्चों को पढ़ाई और किसानों को सिंचाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने लक्ष्मण सिंह को दिया। इसपर उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से बात कर वहां जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदलने का आग्रह किया। जिसके बाद शुक्रवार को ही वहां नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। मौके पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जलने पर अक्सर लोग उनसे संपर्क करते हैं और वे तत्काल पहल करते हुए विभागीय पदाधिकारियों से बात कर उनकी समस्या का समाधान भी करवाते हैं। कहा कि क्षेत्र की जनता मेरा एक परिवार जैसा है उनके हरेक सुख दुःख में उपस्थित रहता हूं। उपस्थित लोगो ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई भी समस्या होती है तो लक्ष्मण बाबू को बेझिझक रात हो या दीन किसी समय फोन करते है और उनकी समस्याओं का समाधान के लिए वे सदैव तत्पर खड़े रहते है हम सब ग्रामीण सर के काम से संतुष्ट है।

मौके पर डोरंडा मंडल अध्यक्ष राजू पांडेय, प्रद्युमन जी, नुन्मन यादव, जनार्दन शर्मा, ललन राय, चंदन मोदी, विजय चौधरी, सुभाष राय, रामदेव यादव, वरुण राय, पिंटू राय, धनेश्वर राणा, मदन विशकर्मा समेत दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार की पहल पर राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 का आयोजन कर्मचारी कल्याण संघ (ईडब्ल्यूए) के सहयोग से 29 अगस्त, 2023 को कोयला खनन मुख्यालय, रांची में किया गया। हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में, अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशकडी (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल) और नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक, (एसएससी-सीएंडएम) ने कर्मचारियों को अंग्रेजी और हिंदी में फिट इंडिया शपथ दिलायी। इस अवसर पर, कर्मचारियों को खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने, स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस कार्यक्रम में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गयी, इस अवसर पर विशेष दिन मनाने के लिए टेबल टेनिस और कैरम प्रतियोगिताओं जैसे इनडोर खेल आयोजित किए गये।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आग, कई बच्चे घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कोरापुट शहीद लक्ष्मण नायक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। चाइल्ड केयर यूनिट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गयी, जिसमें कई बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। उपजिलापाल, अग्निशमन विभाग और अस्पताल के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। दमकलकर्मी आग बुझाने का काम जारी रखे हुए हैं। मातृ और शिशु विभाग एसएनसीयू में आग लगने के कारण नवजात शिशुओं को वहां से शिफ्ट किया जा रहा है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं. एस. जी. 664–16– संकेत–2024–25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं०–(1) कार्य का नाम –** NCL, सिंगरौली (म. प्र.) की जयंत परियोजना में इंक्रीमेंटल CHP के नए साइलो को कनेक्टिविटी प्रदान करने के संबंध में SKTN स्टेशन पर एसएंडटी कार्य हेतु। **(2) कार्य का आकलित मुल्य :** ₹ 2,01,58,787.28 (लगभग) **(3) कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 2,50,800.00 **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 17.09.2024 (12:30 बजे)। **(5)** ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता, धनबाद**

पीआर/1004/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/24-25/40



# राजनीतिक व समाजिक क्षेत्रों में किसी की पहचान के मोहताज नहीं मनोज कुमार सिंह

## भाजपा की 1990 में सदस्यता लेने के बाद 30 वर्षों तक सभी कार्यों का किया कुशल निर्वहन

रांची। युवाओं के लोकप्रिय भाजपा के वरीय नेता सह समाजसेवी नामकुम बरगांवा निवासी मनोज कुमार सिंह राजनीति व समाजिक क्षेत्रों में बेहतर कुशल कार्य से क्षेत्रों में किसी के मोहताज नहीं है। मनोज कुमार सिंह 1990 में



भाजपा पार्टी की सदस्यता लेकर 30 वर्षों से लगातार जनसेवा कर रहे हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर दायित्वों को बेहतर तरीके से निभा रहे हैं। वे रांची लोकसभा क्षेत्र से 2014 सांसद प्रतिनिधि बनकर सांसद के साथ-साथ लगातार क्षेत्र में आम जनों के बीच उनकी समस्या सुनते एवं समाधान हेतु प्रत्यनशील रहते हैं। मनोज कुमार सिंह वर्तमान में राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के खिजरी विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि में योगदान लेकर वहीं अन्य जगहों पर जरूरतमंदों लोगों कार्य कराने के साथ ही पिछड़ों सड़क व अन्य सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रहें हैं। वहीं खिजरी विधानसभा क्षेत्र में तत्कालीन रांची लोकसभा के सांसद रामटहल चौधरी के कार्यकाल वर्ष 2014 से 2019 सांसद



प्रतिनिधि बनकर क्षेत्रों में भ्रमण कर सांसद मद से क्षेत्र जरूतमंद जगहों पर सड़क, नाली, समाजिक कार्या के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण करवाने व अन्य समस्याओं का निदान करना एवं सहयोग किया। इस दौरान इनके द्वारा भारत सरकार के द्वारा आयोजित आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत खिजरी विधान सभा के हहाप पंचायत में क्षेत्र का विकास करने एवं सरकार के द्वारा लाभान्वित कार्यक्रम को धरातल पर लाने में अथक प्रयास से योजना को स्थापित किया गया। इसके साथ वर्ष 2020 से लेकर वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रूप में कार्य कार्य कर रहें हैं। उन्होंने मोर्चा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनकर संगठन व किसानों भारत सरकार से मिलने वाली योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बरगांवा के जैक स्थित आरडीएस पब्लिक स्कूल हाई स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने वह अन्य स्कूल किए अपेक्षा स्कूल फी कम रखकर लगातार निरंतर कार्य कर रहें हैं। बरगवां स्थित अंबेडकर कॉलोनी में गरीब बच्चों के बीच प्रति वर्ष निःशुल्क कपड़े व किताब कॉपी पेंसिल का वितरण करते आ रहे हैं। इसके साथ ही वे क्षेत्र युवाओं समय-समय खेलकूद प्रतियोतिया को आयोजित कर निःशुल्क जर्सी व खेल समाग्री का वितरण करते आ रहें हैं। इसके साथ प्रत्येक वर्ष मैट्रिक व इंटर मैं बेहतर अंक लाने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य करते आ रहे हैं। वहीं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए महिलाओं को संगठित कर हर संभव मदद पहुंचाने का कार्य करते हैं। इसी क्रम में मनोज कुमार सिंह ने क्षेत्र में जागृती महिला स्वयं सहायता समूह का संरक्षक बन क्षेत्र में सैकड़ों महिला स्वयं सहायता समूह (एसएसजी) स्थापित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का निरंतर प्रयास करना। पार्टी में रहा योगदान इस दौरान उन्होंने भाजपा जिला ग्रामीण सह मीडिया प्रभारी, खिजरी मण्डल कार्य समिति सदस्य, भाजपा जिला ग्रामीण में वर्ष 2010 में कार्यसमिति सदस्यता लेकर संगठन मजबूत करना, 2013 में भाजपा संगठित मजदुर प्रकोष्ठ झारखण्ड प्रदेश में कोषाध्यक्ष मजदूरों के लिए विशेष किया, इसी क्रम में 2019 में खूंटी लोकसभा क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा के पक्ष में तमाड़ राजा महेन्द्रनाथ शाहदेव के साथ चुनाव प्रचार एवं प्रसार में सक्रिय रूप शामिल होकर कार्य किया, उन्होंने वर्ष 2018 नरेन्द्र मोदी विचार मंच में बतौर प्रदेश के सह-संयोजक पद योगदान एवं सरकार के द्वारा प्रायोजित लाभान्वित कार्यक्रम राज्य के विभिन्न जगहों पर प्रचार एवं प्रसार करने कार्य किया। 2004 में तत्कालीन विधायक कड़िया मुण्डा का विधायक प्रतिनिधि क्षेत्र में कई योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है। झारखंड अलग राज्य निर्माण होने के पश्चात क्षेत्र में नामकुम के बरगवां पंचायत क्षेत्र में ही शैक्षणिक संस्थान जैसे झारखंड अधिविध परिषद, व नामकुम के काली नगर स्थित बिजली सब स्टेशन को स्थापित करवाने में इनका अहम योगदान रहा है। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों से



जुड़कर उनकी समस्याओं को संबंधित विभाग व पदाधिकारी द्वारा उनका निराकरण करने का कार्य में अहम योगदान रहा है वही धार्मिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर के हिस्सा लेते हुए नामकुम बाजार स्थित महावीर मंडल नामकुम बाजार मे आयोजित रामनवमी के अवसर पर पिछले 30 वर्षों से इनके नेतृत्व में विशेष अखाड़ा का आयोजन करते आ रहे हैं। वहीं इनके सहयोग से कई मंदिर निर्माण का निर्माण कराया गया है। इसी क्रम में उन्होंने ऑल इंडिया ह्यूमन राईट्स एसोसिएशन नई दिल्ली में वर्ष 2006 में प्रदेश संयुक्त सचिव, अखिल भारतीय ह्यूमन राईट्स ऑर्गनाइजेशन में वर्ष 2013 से प्रदेश प्रमुख, क्राईम इंटेलिजेन्स फोर्स में वर्ष 2019 से प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहकर आम लोगों की समस्याओं का निदान करने कार्य कर रहें हैं। इन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के समक्ष नामकुम प्रखंड कार्यालय स्थित विद्यालय में सैकड़ो की संख्याओं में महिलाओं व युवाओं को भाजपा की सदस्यता दिला चुके हैं।











Advertisment

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**